दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 । अंक: 272 जयपुर, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### मंकी पॉक्स: आइसोलेटेड मरीज पाया पॉजिटिव




**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भारत में एमपॉक्स का एक अलग मामला सामने आया है। मरीज को संदिग्ध के तौर पर रविवार को निर्धारित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके सैंपल को जांच के लिए भेजा गया था, जहां अब पुष्टि हुई है कि वह एमपॉक्स के लिए पॉजिटिव पाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीते दिन 8 सितंबर को बताया था कि एक युवक में मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला पाया गया है। यह युवक हाल ही में एक ऐसे देश से लौटा था जहां एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) तेजी से फैल रहा है। मरीज की हालत स्थिर है।

### एशियन ट्रॉफी : भारत ने जापान को 5-1 से हराया



**हुलुनबुइर (चीन)।** मौजूदा चैंपियन भारत ने यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने दूसरे लीग मैच में सोमवार को जापान को 5-1 से हरा दिया। मैच में भारत के लिए सुखजीत सिंह (2 मिनट, 60 मिनट) ने दो गोल किया, जबकि अभिषेक (3 मिनट), संजय (17 मिनट) और उत्तम सिंह (54 मिनट) ने एक-एक गोल किया। जापान की ओर से एकमात्र गोल काजुमासा मात्सुमोतो (41 मिनट) ने किया। इससे पहले रविवार को अपने अभियान की शुरुआत करते हुए भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था। अब भारत का अगला मुकाबला बुधवार को मलेशिया से होगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## GST काउंसिल ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले: आमजन को लाभान्वित करने का लक्ष्य

# हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स घटाने पर सहमति... कैंसर की दवा सस्ती

**बेधड़क** | नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की सोमवार को हुई 54वीं मैराथन बैठक में हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स में कटौती को लेकर व्यापक सहमति बन गई। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला अगली बैठक में किया जाएगा। इसके अलावा तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए मुहैया कराए जा रहे हेलिकॉप्टर सेवाओं पर मौजूदा जीएसटी दर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाएगा।

बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि दो नए जीओएम यानी ग्रुप ऑफ मिनिस्टर बनाए गए हैं, जिसमें से एक हेल्थ इंश्योरेंस से संबंधित है। यह ग्रुप इस मामले पर अक्टूबर 2024 के अंत तक रिपोर्ट देगा। नवंबर में होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस रिपोर्ट के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### पर्यटकों के लिए मुहैया कराए जा रहे हेलिकॉप्टर सेवा पर कर घटा




### अधिकांश राज्य कटौती के पक्ष में

अधिकांश राज्य बीमा प्रीमियम की दरों में कटौती के पक्ष में हैं। यदि जीएसटी दरें कम की जाती हैं तो यह करोड़ों पॉलिसीधारकों के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि प्रीमियम राशि घट जाएगी। बता दें, जीएसटी आने से पहले बीमा प्रीमियम पर सेवा कर लगता था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू होने पर सेवा कर को जीएसटी प्रणाली में शामिल कर लिया गया था। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र और राज्यों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के जरिए 8262.94 करोड़ रुपए एकत्र किए। जबकि स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के रूप में 1,484.36 करोड़ रुपये वसूले गए।

### ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने से बंपर कमाई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लगाने से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऑनलाइन गेम पर जीएसटी की घोषणा के बाद से पिछले छह महीनों में राजस्व 412 प्रतिशत बढ़कर 6909 करोड़ हो गया है। केसीनो में भी 30 प्रतिशत राजस्व की वृद्धि देखी गई है।

### कैंसर की दवाओं पर GST की 12 से 5%

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी की दरें कम की जा रही हैं। कैंसर के इलाज में आनी वाली लागत को कम करने के लिए इसे 12 प्रतिशत से घटाकर 5% किया जा रहा है।

### संसद में भी उठ चुका है मुद्दा

इस समिति में केंद्र और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं। परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होते हैं। हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी का मुद्दा संसद में भी उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की है कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस मुद्दे पर सीतारमण को पत्र लिखा है। हालांकि, मंत्री समूह (जीओएम) ने फिलहाल 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्तरीय जीएसटी स्लैब में किसी भी तरह की बदलाव को लेकर असहमति जताई थी।

## 'राइजिंग राजस्थान' समिट : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे द. कोरिया के सियोल में, किया रोड शो-बोले...

# 'द. कोरिया के उद्यमियों के साथ लिखेंगे नया अध्याय'

- दक्षिण कोरियाई निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था
- पॉस्को इंटरनेशनल और SG के बड़े अधिकारियों से की मुलाकात

### 5 वर्ष में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य



**बेधड़क** | सियोल/ जयपुर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर दक्षिण कोरिया पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यहां के उद्यमियों के साथ हमारी ऐतिहासिक साझेदारी को लेकर आने वाले समय में नया अध्याय लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में जल्द ही कई नीतियां लॉन्च होंगी।

हमारी सरकार औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति और एक जिला-एक उत्पाद नीति लॉन्च कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के माध्यम से विशेष पैकेज और अनुदान प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण कोरिया में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के रोड शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान निवेश को सरल बनाने के लिए प्रक्रियाओं और नीतियों को लगातार सुधार रहा है। हमारी सरकार निवेशकों की समस्याओं के समाधान और व्यापार को और आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम कोरिया के साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। आपका सहयोग हमारी साझा समृद्धि और सफलता की कुंजी है। 5 वर्षों में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की

### अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार ने 5 वर्षों में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और हम आपकी सक्रिय भागीदारी से निश्चित तौर पर सफल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने दक्षिण कोरियाई निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की है। राज निवेश पोर्टल के माध्यम से राजस्थान में निवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान सरकार कोरिया के उद्यमियों के साथ न केवल निवेश की उम्मीद करती है, बल्कि एक मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की आकांक्षी है।

### दिसंबर में आयोजित होगा इन्वेस्टमेंट समिट

सीएम 6 दिवसीय दक्षिण कोरिया और जापान दौरे के लिए रविवार को रवाना हुए थे। वे विदेश दौरे पर राइजिंग राजस्थान समिट में विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। सीएम के साथ एक उच्च स्तरीय डेलिगेशन भी गया है। दक्षिण कोरिया से वे 10 को जापान रवाना होंगे। बता दें राइजिंग समिट 2024 का आयोजन 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा।

### सियोल में रखा राजस्थान का विजन

सीएम भजनलाल शर्मा ने सियोल में रोड शो के बाद अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि, "आज दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान राजधानी सियोल में आयोजित "राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 2024" के अंतर्गत पर्यटन रोड शो में उपस्थित दक्षिण कोरिया एवं भारत के उद्योग जगत के सम्मानित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। दक्षिण कोरिया और भारत की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए, दोनों देशों के मध्य व्यापार एवं निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, सभी उपस्थित उद्यमियों से राजस्थान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। 'विकसित भारत, विकसित राजस्थान' के संकल्प की प्राप्ति हेतु हमारी सरकार राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने और उद्यमियों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है।"

## डीग में अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर विवाद

# फूटा आक्रोश, टायर जलाए लगाया जाम... फोर्स तैनात

### घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया

**बेधड़क** | जयपुर

भरतपुर के डीग में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर विवाद हो गया। मामला रविवार देर रात का बताया जा रहा है। इससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर पत्थर डालकर रास्ता जाम कर दिया। टायर जलाए। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हालांकि आला अधिकारियों ने मौके पर मोर्चा संभाला हुआ है तथा प्रदर्शनकारियों से समझाइश शुरू की। दरअसल, कामां इलाके में रविवार रात ढाई बजे जुरहरा रोड स्थित अंबेडकर पार्क में लगी प्रतिमा की अंगुली एक युवक ने तोड़ दी थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। इसमें युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर पार्क में जाता हुआ दिख रहा है। सुबह जब लोगों को प्रतिमा को खंडित करने की जानकारी मिली तो उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दमकल वाहन के शीशे भी तोड़ दिए।



### आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

घटना के बाद सोमवार सुबह 11 बजे स्थानीय लोग अंबेडकर पार्क में जुटना शुरू हो गए। बड़ी संख्या में लोग कोसी और अंबेडकर चौराहे पर पहुंचे और जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस बीच लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी और फायर ब्रिगेड की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं के होर्डिंग्स भी फाड़ दिए। लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया। एक घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद लोग माने और करीब 12 बजे जाम खोला गया।

### 5 थानों की पुलिस फोर्स तैनात

मौके पर कामां, पहाड़ी, जुरहरा, कैथवाड़ा और गोपालगढ़ थाना क्षेत्र के 100 से अधिक जवानों के साथ क्यूआरटी की टीम भी तैनात किए गए है। उल्लेखनीय है कि विगत 22 अगस्त को भी एक युवक ने अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया था। लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर दूसरे दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

## ट्रेनी एसआई के घर एसओजी का छापा...

# पैसों के लेन देन का हिसाब मिला

**जयपुर** । एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने सोमवार को रिमांड पर चल रहे ट्रेनी एसआई के घर पर छापा मारा। जहां पर एसओजी को एसआई भर्ती परीक्षा से संबंधित लेनदेन का हिसाब समेत कई महत्वूपर्ण दस्तावेज मिले हैं। एसओजी टीम रिमांड पर चल रहे ट्रेनी एसआई बिजेंद्र और रितु शर्मा को लेकर झुंझुनूं जिले में उनके घर और अन्य ठिकानों पर लेकर पहुंची।

यहां टीम ने वार्ड 25 में साधावाली बाड़ी स्थित आरोपी बिजेंद्र और रितु शर्मा के सूरजगढ-सिंघाना तिराहा स्टैंड के पास वार्ड 12 के आवास पर करीब पौन घंटे सर्च किया। जिसमें एक डायरी मिली है। हालांकि जब दोनों आरोपियों से मौके पर पूछा तो दोनों ने जानकारी होने से इनकार कर दिया। दरअसल, एसओजी की अब की जांच में सामने आया कि एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपियों का नेटवर्क चिड़ावा से जोधपुर तक फैला है।

दोनों ट्रेनी एसआई के घर में हुई सर्च के दौरान एसओजी की दोनों के यहां से एक डायरी मिली हैं। डायरी में पैसों के लेनदेन का जिक्र किया गया हैं।

## रणथंभौर से आई खुशखबरी

# बाघिन टी-125 ने दिया तीन शावकों को जन्म... मां के साथ कैमरे में कैद

- बाघों का कुनबा बढ़ने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर
- वन मंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की शावकों की तस्वीर
- सिद्धि ने अणतपुरा वन क्षेत्र में शावकों को दिया जन्म

**बेधड़क** | जयपुर

रणथंभौर नेशनल पार्क से खुशखबरी आई है। यहां बाघिन टी-125 सिद्धि ने रणथंभौर के जोन नंबर पांच के अणतपुरा वन क्षेत्र में 3 शावकों को जन्म दिया है, जिनकी तस्वीर वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है।

बाघिन के शावकों को जन्म देने की खबर के बाद वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है। बाघिन और शावकों की यह तस्वीर राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। जानकारी के मुताबिक रणथंभौर की बाघिन सिद्धि टी 125 की तीन नए शावकों के साथ फोटो रणथंभौर के कुंडेरा रेंज में लगे वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। फिलहाल वन विभाग की और से बाघिन और शावकों की मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग शुरू कर दी गई है।



### अभयारण्य में बाघों का कुनबा बढ़ा

बता दें कि बाघिन सिद्धि की उम्र करीब साढ़े छह साल है। सिद्धि टी-125 रणथंभौर की मशहूर बाघिन एरोहेड टी-84 की बेटी है और बाघिन टी-124 रिद्धी की बहन है। बाघिन टी-125 सिद्धि के तीन शावकों को जन्म देने के बाद अब रणथम्भौर में बाघ-बाघिन और शावकों की संख्या 81 पहुंच गई है।

### वन मंत्री ने जानकारी की शेयर

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने अपने एक्स हैंडल पर रोमांचक खबर साझा करते हुए लिखा, "रणथंभौर से अच्छी खबर! रणथंभौर में मनमोहक पल कैद किए गए, जिसमें आरबीटी 125 अपने तीन शावकों के साथ खेलता नजर आया। यह हृदयस्पर्शी दृश्य राज्य सरकार द्वारा लागू की गई प्रभावी नीति और कार्य योजना की बदौलत बाघ संरक्षण की दिशा में राजस्थान की निरंतर प्रगति का प्रमाण है।"

### बाघिन सिद्धि लगभग साढ़े छह साल की

नवजात शावकों की मां बाघिन सिद्धि लगभग साढ़े छह साल की है, जिसकी मां रणथंभौर की प्रसिद्ध बाघिन एरोहेड (टाइगर कोड टी-84) है। हाल ही में तीन नए शावकों के आगमन के बाद, रणथंभौर में बाघों की तादाद अब 81 तक पहुंच गई है।

### बाघ संरक्षण प्रयासों के प्रति जगी उम्मीद

इन शावकों का जन्म भारत में बाघ संरक्षण प्रयासों के प्रति उम्मीद जगाने वाला है। यह लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण के लिए रणथंभौर जैसे संरक्षित क्षेत्रों के महत्व को दर्शाता है। वन विभाग इन जीवों की सुरक्षा के लिए अपने प्रयास जारी रखता है। विभाग की निगरानी बताती है कि मां और शावक दोनों बिना किसी व्यवधान के अपने प्राकृतिक आवास में जीएं। यह विकास रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण कार्यक्रमों की सफलता को भी दर्शाता है। यह भारत की वन्यजीव विरासत की रक्षा के लिए निरंतर समर्थन और सतर्कता पर जोर देता है।

## जरूरी खबर

### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया रिवर फ्रंट का दौरा



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कोटा के चंबल रिवर फ्रंट का दौरा किया। देवनानी ने नयापुरा गेट से रिवर फ्रंट पर प्रवेश करने के बाद सिंह घाट, साहित्य चौक, रंगमंच, लगून फाउंटेन, वाटर पार्क से होते हुए हाड़ौती घाट, विश्व मैत्री घाट, मरू घाट, गणेश पोल, चंबल बैराज फाउंटेन सहित रिवर फ्रंट के अन्य स्थानों का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने रिवर फ्रंट के शाम के खूबसूरत नजारे देखें। उन्होंने रिवर फ्रंट पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां भी देखी। विधानसभा अध्यक्ष ने रंगमंच पर घूमर नृत्य की प्रस्तुति भी देखी। इस अवसर पर भाजपा कोटा जिलाध्यक्ष राकेश जैन भी उपस्थित थे।

### NFSC में E-KYC करवाने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों के कल्याण की मंशा एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर कर दी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश चयनित सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी करवाई जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त थी, लेकिन लगभग 75 लाख लाभार्थियों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है। अब यह अंतिम तिथि 31 अक्टूबर कर दी गई है।

### आगरा में दो दिवसीय चिंतन शिविर शुरू



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को आगरा में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार तथा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले की गरिमामय उपस्थिति में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लिया। उन्होंने बताया कि 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' के भाव के साथ आयोजित चिंतन शिविर-2024 में विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिष्ठित प्रतिनिधि दो दिवसों तक समाज के वंचित, उपेक्षित एवं शोषित वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए गहन विचार-विमर्श करेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डेढ़ किमी पैदल चलकर किए बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन

# 'सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है रामदेवरा'

बेधड़क | जयपुर



जैसलमेर जिले के रामदेवरा के प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। बिरला 1.5 किमी तक पदयात्रा करते हुए बाबा के धाम पहुंचे और पूजा अर्चना कर देश में खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर बिरला ने कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र रामदेवरा में बाबा के दर्शन के लिए आना मेरे लिए सुखद क्षण है। बाबा रामदेव जी की महिमा अपरंपार है, उनका जीवन हम सभी के लिए एक उज्ज्वल प्रेरणा है। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक बाबा रामदेव ने सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए असहायों को सशक्त बनाने में जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श हमारे प्रेरक मार्गदर्शक हैं। हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और समाज में समरसता, एकता, और भाईचारे का संदेश फैलाएं। बाबा रामदेव जी का जीवन केवल एक संत या महापुरुष का जीवन नहीं था, बल्कि वह एक ऐसे लोकदेवता हैं जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज में क्रांति और सुधार का संदेश दिया। लोकसभा अध्यक्ष के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ओएसडी राजीव दत्ता भी मौजूद रहे।

### मेघवाल समाज ने किया सम्मान

रामदेवरा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मेघवाल समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। बाबूलाल मेघवाल के नेतृत्व में उनका समाजजनों ने स्वागत किया। बिरला ने कहा कि बाबा रामदेव जी का मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह उन सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इस यात्रा के दौरान जाति, धर्म, और भेदभाव की सभी सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं। यह बाबा रामदेव जी की महानता का प्रतीक है, जो लोगों को आपस में जोड़ती है। इस दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समाधि पर चढ़ाई चादर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हेलिकॉप्टर से रामदेवरा स्थित हेलिपेड पहुंचे। वहां पर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां से कार से पोकरण रोड स्थित एक निजी होटल पहुंचे। इसके बाद भाजपा नेताओं के साथ करीब डेढ़ किमी पैदल यात्रा शुरू की। लोकसभा अध्यक्ष ने बाबा की समाधि पर पूजा अर्चना करने में बाद चादर चढ़ाई। इस दौरान सांसद उम्मेदाराम और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे। इस दौरान बाबा रामदेव समाधि समिति सदस्यों से मुलाकात की।

### भोजन शाला में भक्तों के साथ खाया खाना

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाबा की समाधि के दर्शन के बाद बाबा रामदेव समाधि समिति द्वारा संचालित भोजन शाला में भक्तों की साथ भोजन किया। इस दौरान बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित भाजपा नेताओं ने भी खाना खाया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने भोजनशाला में भक्तों को खाना परोसा।

## दिया कुमारी ने किया निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण

# 'वोकल फोर लोकल' की थीम पर तैयार हो राजस्थान हाउस

बेधड़क | जयपुर

डिप्टी सीएम, सार्वजनिक निर्माण विभाग और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को नई दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण करके हाउस के निर्माण की कार्य प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की। इसमें इंजीनियरों ने राजस्थान हाउस को लेकर प्रेजेंटेशन दिया कि कहां तक कार्य हो चुका है और आगे क्या कुछ करना है।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माणाधीन हाउस के पूरे ब्लूप्रिंट को समझते हुए उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस निर्माणाधीन भवन के तैयार होने के बाद जब यहां पर लोग आए, इसके अंदर जब लोग पहुंचे तो आगंतुकों को लगे कि हम राजस्थान आ गए हैं। यहां की सारी व्यवस्थाएं राजस्थानी कल्चर से मेल खाते हुए डेवलप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोग एक रिव्यू मीटिंग भी बुलाए और रिव्यू मीटिंग करके हमें जरूरत पड़ेगी तो इसमें जरूरी बदलाव भी किए जाएंगे। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि दिल्ली में बनकर तैयार होने वाला यह भवन सिर्फ एक बिल्डिंग मात्र नहीं बल्कि राजस्थान का दर्पण होना चाहिए।



### निर्माण कार्य में राजस्थानी आर्टिजंस के हुनर और निर्माण सामग्री का किया जाए उपयोग

निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए की इस भवन के निर्माण कार्य में लगने वाली हर एक सामग्री में राजस्थानी निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जाए, चाहे वह राजस्थानी पत्थर हो, चाहे वह राजस्थानी पेंटिंग के साथ-साथ राजस्थान के हुनरबंद कारीगरों को भी इसके निर्माण कार्य में प्राथमिकता के साथ स्थान दिया जाना चाहिए ताकि हमारे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सके और इस भवन के निर्माण में राजस्थानी कला और संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि दिल्ली में बनने वाले विश्व स्तरीय भवनों में जब राजस्थानी पत्थर का उपयोग हो सकता है तो राजस्थान हाउस के निर्माण में भी राजस्थानी पत्थर का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

### आरआईसी में सामुदायिक सम्मेलन आज

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में राज्य में चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत 10 सितंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दोपहर 1:30 बजे भव्य सामुदायिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेंद्र सोनी ने बताया कि यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार की गरिमामयी उपस्थिति में तथा चिल्ड्रन्स इंवेस्टमेंट फंड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के प्रमुख सर क्रिस होन विशेष आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। आईसीडीएस के निदेशक ओपी बुनकर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। बुनकर ने बताया कि 10 सितंबर, 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिला एवं बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करना और 'फील्ड के चॅम्पियन्स' (चयनित सफल/सक्षम महिलाओं और युवतियों ) को जिन्होंने इन उपलब्धियों को मूर्त रूप दिया है उनको सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से करीब 600 लोग शामिल होंगे जिसमें महिलाएं, किशोरियों, उनके परिवार के सदस्य, विभाग के सदस्य और मीडिया के लोग होंगे। पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### हाउस में सूचना केंद्र बनाने के दिए निर्देश



डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने राजस्थान हाउस के निर्माण के दौरान उसमें एक सूचना केंद्र और आगंतुकों और व्यवसायियों को राजस्थान से संबंधित संपूर्ण जानकारी देने के लिए एक बिजनेस सेंटर बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों और पर्यटकों के लिए राजस्थान सबसे पसंदीदा जगहों में से एक मानी जाती है। साथ ही राजस्थान में दुनिया भर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है और हमारी सरकार व्यवसायियों को व्यापारिक सुविधाओं से भरपूर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ऐसे में दिल्ली में बनने वाले इस राजस्थान हाउस में आगंतुकों को सभी सूचनाएं एक जगह से प्रदान करने और उन्हें राजस्थान की तरफ आकर्षित करने के लिए सूचना केंद्र कम बिजनेस सेंटर बनाया जाना अति आवश्यक है।

## खनिज भवन का दौरा कर देखी व्यवस्थाएं

# पदभार संभालते ही एक्शन मोड़ में नजर आए टी. रविकांत



बेधड़क | जयपुर

प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड पर आ गए हैं। टी. रविकांत ने बताया कि राज्य में माइनिंग ब्लॉकों के ऑक्शन पूर्व तैयारियों से लेकर ई-नीलामी और उसके बाद की प्रक्रियाओं का इस तरह का रोडमैप तैयार किया जाएगा ताकि प्रभावी तरीके से कार्रवाई और समयवद्ध मोनेटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने माइनिंग सेक्टर से राजस्व बढ़ाने के समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता भी प्रतिपादित की है।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। नवीनतम तकनीक का प्रभावी उपयोग अपनाना होगा टी. रविकांत ने कहा कि प्रदेश में विपुल खनिज संपदा है। ऐसे में प्रदेश में मिनरल वाइज, जोन वाइज और ऑक्शन प्रक्रिया का स्टेज वाइज एक्सन प्लान तैयार किया जाएगा ताकि समयवद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि माइनिंग ब्लॉकों के ऑक्शन के साथ ही जल्दी से जल्दी संचालन में लाने पर राज्य सरकार का फोकस रहेगा ताकि खनिज खनन, रोजगार, निवेश और राजस्व में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि विभागीय गतिविधियों में नवीनतम तकनीक का प्रभावी उपयोग अपनाना होगा।

### राजस्व वसूली में तेजी लाई जाएं

इसके साथ ही माइंस एवं पेट्रोलियम के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, विधान सभा के ध्यानाकर्षण प्रस्तावों, विशेष उल्लेख और याचिकाओं का तत्काल उत्तर भेजकर शून्य स्तर पर लाने और बकाया विधानसभा प्रश्नों के प्राथमिकता से जबाव भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्तरविभागीय प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों से समन्वय बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बजट घोषणाओं की समयवद्ध क्रियान्विति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाई जाएं।

### खनिज भवन का दौरा किया

रविकांत ने खनिज भवन का दौरा भी कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त सचिव माइंस आशु चौधरी ने विस्तार से विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान आलोक जैन, ओएसडी कृष्ण शर्मा, एसजी सुनील वर्मा ने बताया कि इस वर्ष 100 मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना तैयार की गई है। माइनिंग सेक्टर से प्रदेश में 6 से 8 लाख लोगों को प्रत्यक्ष व 22 से 25 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

## आवासन मंडल में उच्चस्तरीय बैठक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित अन्य सभी निर्माणों में गुणवत्ता को प्राथमिकता पर रखने के राजस्थान आवासन मंडल अध्यक्ष वैभव गालरिया ने मंडल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए।

मंडल के बोर्ड कक्ष में सोमवार को आयोजित बैठक में आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान गालरिया ने राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जाने वाले आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई।

## तीन दिवसीय मेले का आगाज

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया पांडुपोल और भर्तृहरि मेले का शुभारंभ

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सोमवार को अलवर जिले के पांडुपोल हनुमान जी मंदिर एवं भर्तृहरि बाबा के मंदिर में पूजा-अर्चना देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उन्होंने पांडुपोल व भर्तृहरि मेले का ध्वजा लहराकर शुभारंभ किया। भर्तृहरि बाबा मेले के शुभारंभ के दौरान स्थानीय विधायक एवं प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कहा



कि बाबा भर्तृहरि महाराज धाम जन-जन की आस्था का केंद्र है। यहां देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि महाराज धाम के विकास के लिए राज्य सरकार ने बजट घोषणा की है। उसके राजनीति से ऊपर से उठकर सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सलाह मशविरा कर प्रस्ताव तैयार कर उसे यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन की संभावनाओं को मध्यनजर रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जिले के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### भर्तृहरि और पांडुपोल तक चलेगी ई बस

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भक्तों की सुविधाओं में विस्तार करने एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए भर्तृहरि धाम का विकास व पांडुपोल मंदिर तक ईवी बेस्ड बस चलाए जाने की घोषणा की है जिसको पूर्ण करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार के बजट में अलवर को अनेक सौगातें मिली है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मेले में व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर व्यवस्थाओं में सहयोग देवें। मेला कमेटी ने अतिथियों को भर्तृहरि महाराज द्वारा रचित श्रंगार शतक, नीति शतक व वैराग्य शतक भेंट किए। इस दौरान अलवर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, सरस डेयरी के चेयरमैन विश्राम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## जरूरी खबर

### नाले में मिली युवक की लाश

**जयपुर।** जयपुर में 8 फीट गहने नाले में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक ने दोनों हाथ-पैरों पर सफेद कलर के दस्ताने पहन हुए थे। वह साथियों को बिना बताए घर से निकला था। पुलिस ने सोमवार दोपहर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में पानी में डूबने से मौत होना सामने आया है। हेड कांस्टेबल निरंजन ने बताया- मृतक यशराज (24) बिहार का रहने वाला था। वह पिछले करीब डेढ़ साल से रोड नंबर-6 स्थित एक मेटल फैक्टरी में जॉब करता था।

### नाहरगढ़ की पहाड़ी से नीचे गिरी जीप, तीन युवक घायल



**जयपुर।** नाहरगढ़ की पहाड़ी से 200 फीट की ऊंचाई से एक जीप गिर जाने से 3 लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के दौरान पहाड़ी पर घास काटने वाले लोगों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को बुलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और जीप को बीच रास्ते से हटाया। दुर्घटना थाना वेस्ट के हेड कांस्टेबल हंसराम ने बताया कि उनके पास सुबह करीब सवा 8 बजे सूचना आई थी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे, जिन्हें एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। इनकी पहचान मजदूर नगर निवासी उत्तम सिंह,जाजू सिंह मौंटू सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों अर्पित शर्मा ने बताया कि जीप असंतुलित होकर पहाड़ी से नीचे गिर गई थी और डिवाइडर से टकरा गई। बड़ी मुश्किल से लोगों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि जीप ओवर स्पीड में थी और इस वजह से ड्राइवर संतुलन खो बैठा और ये हादसा हो गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

‘हरित भारत’ अभियान के तहत अलग-अलग शहरों में लगेंगे कैंप, इंडस्ट्रीज भी करेगी सहयोग

# रिन्यूएबल एनर्जी के लिए राजस्थान में चलाएंगे अभियान

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान मे रिन्युएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए कलर एन डिजाइन और राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच सोमवार को एमओयू किया गया। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थाएं रिन्युएबल एनर्जी को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगी।

राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के डॉ एल जैन ने बताया- राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने प्रयासों को लगातार जारी रख रहे है। इस एमओयू के जरिए हम कलर एन डिजाइन को लोगो सपोर्ट दिया है। हम अपने सदस्यों को भी ग्रीन एनर्जी को लेकर हो रहे एग्जीबिशन में पार्टिसिपेट करने के लिए कहेंगे। राजस्थान को सोलर पावर का वरदान है। ऐसे में राजस्थान में सोलर एनर्जी से बिजली उत्पादन में हम देश में नंबर 1 बनेंगे।



### हरित भारत के नाम से कैंप

कलर एन डिजाइन के फाउंडर अमित परनामी ने बताया- हमारे संगठन की ओर से राजस्थान के प्रमुख शहरों मे जाकर रिन्युएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हरित भारत के नाम से कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वो सभी इंडस्ट्रीज जो जीरो प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन करती है उनसे आम जन को जागरूक करने के साथ साथ इंडस्ट्रीज को भी रिन्यूएबल एनर्जी की सरकारी योजना के बारे मे बताया जाएगा। हमारी आर्गनाइजेशन की ओर से चलाए जा रहे हरित भारत अभियान को राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने अपना पूरा समर्थन दिया है। हरित भारत में लगने वाले सभी कैम्प में राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी भागीदारी निभाएगा। इससे राजस्थान में ग्रीन एनर्जी पर एक बड़े लेवल पर काम हो सकेगा।




### राजस्थान में ग्रीन एनर्जी की अपार संभावनाएं

अमित परनामी ने कहा- राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स का मानना है कि ऐसी कोई भी संस्था जो ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण पर काम कर रही है उन्हें हम सहयोग करे, जिससे राजस्थान में निवेश बढ़े। वर्तमान मे औद्योगिक इकाइयों के लिए यह प्रयास करना जरूरी है कि पर्यावरण प्रदूषण कम से कम हो और इस “हरित भारत” अभियान की कलर एन डिजाइन की पहल का हम समर्थन करते है।

जयपुर नगर निगम हेरिटेज की मेयर हो सकती हैं गिरफ्तार

# मुनेश गुर्जर पर चलेगा मुकदमा सरकार ने दी अभियोजन स्वीकृति

■ यूडीएच मंत्री खर्रा बोले- चालान पेश होते ही करेंगे निलंबित | ■ मेयर के पति पर पट्टे देने की एवज में घूस लेने का मामला | ■ पार्षद नए मेयर को लाने की तैयारी में लगे

बेधड़क | जयपुर

लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार प्रदेश सरकार ने हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर ही दी। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के अभियोजन स्वीकृति की फाइल पर साइन करने के बाद विभाग ने भी महापौर के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के आदेश जारी कर दिए। अब एसीबी कोर्ट में स्वीकृत पत्र पेश करेगी।

इधर, मंत्री खर्रा ने कहा है कि एसीबी जैसे ही न्यायालय में चालान पेश करेगी और उसकी सूचना विभाग को मिलने के तुरंत बाद मुनेश गुर्जर को उनके पद से निलंबित कर हटा दिया जाएगा। चूंकि मेयर का पद ओबीसी महिला आरक्षित है।

इस वर्ग से आने वाली किसी भी पार्षद को सरकार अस्थाई रूप से 60 दिन के लिए मेयर का कार्य भार देने के आदेश जारी करेगी। अब कांग्रेस और बीजेपी के पार्षद मेयर मुनेश गुर्जर को हटाकर नए मेयर को लाने की तैयारियों में जुट गए हैं।



### अब तक ऐसे चला घटनाक्रम

- 4 अगस्त 2023 को एसीबी ने छापा मारा।
- 5 अगस्त को स्वायत्त शासन विभाग ने मुनेश गुर्जर को मेयर और पार्षद पद से निलंबित कर दिया।
- 23 अगस्त को मुनेश को कोर्ट से राहत मिली और मुनेश महापौर की कुर्सी पर फिर बैठ गईं।
- 1 सितंबर को राज्य सरकार ने मुनेश गुर्जर को निलंबित करने का फैसला वापस ले लिया।
- 22 सितंबर को फिर निलंबित किया गया था ।
- 26 सितंबर को मुनेश गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी दिसंबर 2023 में फिर मेयर बन गई।

### ACB ने मेयर के घर मारा था छापा

एसीबी ने 4 अगस्त 2023 को नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर के घर छापा मारा था। मुनेश के पति सुशील गुर्जर को 2 लाख रुपए कि रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सुशील गुर्जर पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने के लिए दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी की जांच के दौरान मेयर पर भ्रष्टाचार के आरोप साबित माने गए। मामले में एसीबी ने 2 मई 2023 को राज्य सरकार से अभियोजन की स्वीकृति मांगी थी, जिसे अब मंजूरी मिल गई है।

### तीन लोगों को किया था गिरफ्तार

एसीबी ने सुशील के साथ दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था। मेयर के घर से तलाशी में एसीबी के पट्टे की फाइल मिली थी। इसके साथ ही 40 लाख रुपए भी मिले थे। नारायण सिंह के घर से भी 8.95 लाख रुपए मिले थे।

### मेयर को त्यागपत्र देना चाहिए

मंत्री खर्रा ने कहा कि कायदे से तो जिस दिन मेयर के खिलाफ अभियोजन की बात चली, उन्हें पद त्याग कर देना चाहिए था। अब उन्होंने नहीं किया तो उन्हें सरकारी आदेश से हटा दिया जाएगा। आगे महापौर पद पर चुनाव होगा या नहीं ये राज्य निर्वाचन आयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने ये भी कहा कि कार्यकाल पूरा होने के बाद ही निगम को एक करने से संबंधित जवाब सुस्पष्ट रूप से मिल जाएगा।

डॉ. नीरज के. पवन ने संभाला पदभार

# बजट घोषणाओं को तय समय पर पूरी करना प्राथमिकता



बेधड़क | जयपुर

सोमवार को आईएएस डा. नीरज के. पवन ने शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद का पदभार संभाला लिया है। सवाई मान सिंह स्टेडियम आने पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर डा. नीरज के. पवन ने कहा कि युवा मामले एवं खेल विभाग की कुल 28 बजट घोषणायएं है। इन घोषणओ की क्रियान्विति मुख्यमंत्री की मंशानुसार तय समय पर पूरी की जाएंगी। खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षकों के लिए अच्छी व्यवस्था की जायेगी, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा पदक जीत सकें। उन्होंने कहा कि हम एक टीम के रूप में कार्य करते हुए खेलों का विकास करने के साथ साथ राजस्थान के खेलों को बुलन्दी पर लेकर जायेंगे। हमारे खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ स्वयं बहुत ख्यातिनाम खिलाड़ी रहे है। उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में हम प्रदेशभर में खेलों का माहौल बनाकर भविष्य के लिए पदक विजेता खिलाड़ी तैयार करेंगे।

डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि जितने भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे जल्दी से जल्दी पूरे हो, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बैठक के बाद सवाई मान सिंह स्टेडियम के मुख्य क्रिकेट मैदान, निर्माणाधीन खेल भवन, क्रिकेट एरिना, बैडमिंटन हॉल तथा रीहेब सेंटर का दौरा किया।

राहुल का 190 घंटे भी कोई सुराग नहीं

# हाई कोर्ट ने होम सेक्रेटरी व डीजीपी समेत 5 अधिकारियों से मांगा जवाब

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के नाहरगढ़ में चरण मंदिर घूमने गए दो भाइयों में से एक का 190 घंटे बाद भी कुछ पता नहीं चला है। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने होम सेक्रेटरी, डीजीपी समेत पांच लोगों को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने 20 सितंबर तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। दरअसल, 1 सितंबर को राहुल पाराशर (21) और उसका भाई आशीष (19) चरण मंदिर घूमने निकले थे। यहां दोनों रास्ता भटक गए थे। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया तो अगले दिन (2 सितंबर को) नाहरगढ़ की पहाड़ियों में आशीष का शव मिला था। लेकिन, पुलिस इस मामले में अब तक राहुल का पता नहीं लगा पाई है। इसी मामले को लेकर राहुल के पिता सुरेश चंद्र शर्मा ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई थी। सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अधिकारियों को तलब किया। सोमवार को जज इंद्रजीत सिंह की खंडपीठ में इसकी सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस से प्रोग्रेस रिपोर्ट तलब की है, साथ ही 20 सितंबर तक जवाब मांगा है।

**पुलिस पर लापरवाही के आरोप:** याचिकाकर्ता के वकील गिरिराज प्रसाद शर्मा ने बताया- इस मामले में परिजन ने समय पर पुलिस को इन्फॉर्म कर दिया था। पुलिस की लापरवाही और उदासीनता की वजह से समय पर सर्च नहीं किया गया।

खाद्य विभाग की टीम का जूस सेंटर पर छापा

# खराब ड्राई फ्रूट्स डालकर पिला रहे थे जूस

बेधड़क | जयपुर

खाद्य विभाग की ओर से फूड सेफ्टी को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सी-स्कीम में जूस सेंटर के बाद विभाग की टीम ने सोमवार को मानसरोवर में मीरा रोड स्थित राधा गोविंद जूस सेंटर पर छापा मारा। टीम को यहां डीप फ्रिज में घटिया क्वालिटी का डेजर्ट, क्रीम और पुराने कटे फल रखे मिले। फ्रिज पर चारों तरफ फंगस लगी थी। आर्टिफिशियल कलर की बोटल पर एक्सपायरी और मैन्युफेक्चरिंग डेट नहीं थी। डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया शेक और जूस में मिलाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बदबूदार ड्राई फ्रूट मिले। ड्राई फ्रूट का सैंपल लिया गया। इसके अलावा दुकान में जगह-जगह गंदगी और कीड़े, मक्खियां भी थी।



### लगातर मिल रही थी शिकायत

डिपार्टमेंट के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया- राधा गोविंद जूस सेंटर की हमें शिकायत मिल रही थी। टीम मौके पर पहुंची तो सेंटर पर रखे डीप फ्रिज में कटे फल पॉलीथिन में पैक कर रखे थे। उन पर टैगिंग नहीं कर थी। देखने से लग रहा था कि फल 2 या उससे भी ज्यादा दिन पहले काटकर रखे गए हैं।

### बिना एक्सपायरी डेट के कलर

दुकान पर जूस में मिक्स करने के लिए आर्टिफिशियल कलर, फ्रोजेन डेजर्ट (आईसक्रीम) और मिल्क क्रीम मिली। आर्टिफिशियल कलर पर न तो एक्सपायरी डेट थी और न ही मैन्युफेक्चरिंग डेट। इसके अलावा क्रीम, फ्रोजेन डेजर्ट भी घटिया क्वालिटी का मिला, जो पाम ऑयल और दूसरे एसेंस से मिलाकर बनाया जाता है।

पूर्वी राजस्थान के जिलों में राहत, हल्की बारिश की संभावना

# राजधानी में थमा तेज बारिश का दौर, छाए रहे बादल

बेधड़क | जयपुर

■ आज से 4 दिन प्रदेश के 25 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी



प्रदेश में सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह में मानसून जमकर बरस रहा है। हालांकि सोमवार को राजधानी जयपुर में तेज बारिश के दौर में थोड़ा ब्रेक लगा। यहां कुछ इलाकों में हुई बूंदाबांदी के अलावा अधिकतर जगहों पर बारिश नहीं हुई। दिनभर बादल छाए रहने से मौसम खुशनुमा बना रहा। दूसरी ओर, जयपुर मौसम विभाग ने 13 सितंबर तक प्रदेश के 25 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान के जिलों में हल्की बारिश से राहत रहेगी। इस बीच कई जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि प्रदेश के कुछ जिले ऐसे हैं, जहां मानसून की रफ्तार धीमी पड़ चुकी है। विभाग ने बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर जिलों में 5 दिनों तक बारिश को लेकर किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है।

### पुष्कर सरोवर के 52 घाट डूबे

बारिश के कारण अजमेर के पुष्कर सरोवर में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। पुष्कर सरोवर में 27 फिट से भी अधिक पानी आया है। हालत यह है कि पुष्कर के सभी 52 घाट पूरी तरह से डूब गए हैं। पुष्कर सरोवर का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। दरअसल पुष्कर सरोवर के डूब क्षेत्र भी जलमग्न है। डूब क्षेत्र में बनी हुई होटल को खाली करवा लिया गया है।

### बारिश से प्रदेश के जिलों में सड़कों के हाल बेहाल

बारिश के कारण प्रदेश के लगभग सभी जिलों की सड़कों पर पानी भर गया है। वहीं कई सड़कें पानी में ही बह गई है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। सड़क पर पानी भर होने के कारण गड्ढे नजर नहीं आते जिस कारण लोग हादसे की शिकार हो रहे हैं।

करधनी थाना इलाके में वारदात

# फैक्ट्री से 29 लाख के काजू-बादाम किए चोरी

बेधड़क | जयपुर

करधनी इलाके में पिकअप से आए बदमाश एक फैक्टरी से 29 लाख रुपए के काजू-बादाम चोरी कर के ले गए। आरोपियों ने वारदात के लिए पहले फैक्टरी का शटर तोड़ा और पिकअप को फैक्टरी के अंदर ले जाने के बाद काजू-बदाम से भरे डिब्बे भरकर वापस ले गए। इस संबंध में करधनी थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरों की तलाश में जुटी है।

थाना प्रभारी ने बताया- कालवाड़ रोड करधनी निवासी रोहित शर्मा (32) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। हाथोज फाटक पर श्वेता विहार में उनकी क्राउन-7 ड्राइ फ्रूट स्पाइस के नाम से फर्म है। शनिवार शाम करीब 7 बजे स्टाफ फैक्टरी को लॉक कर अपने-अपने घर चले गए। देर रात बदमाशों ने चोरी की नीयत से फैक्टरी को निशाना बनाया। फैक्टरी का शटर तोड़कर घुसे बदमाश लाखों रुपए के काजू-बादाम चोरी कर ले गए। रविवार सुबह करीब 9 बजे फैक्टरी आने पर शटर टूट मिला। फैक्टरी से करीब 27 लाख के काजू और 2 लाख रुपए कीमत के बादाम गायब मिले। चोरी की सूचना पर करधनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। वारदात करने आए बदमाशों ने फैक्टरी में लगे कैमरों की दिशा बदल दी। फैक्टरी के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है।

## जरूरी खबर

### पार्वती नदी में डूबी चारों लड़कियों के शव बरामद



**धौलपुर।** मनियां थाना क्षेत्र के बोथपुरा गांव में रविवार को डूबी चारों बालिकाओं की लाश को बरामद कर लिया है। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि धौलपुर की एसडीआर के साथ भरतपुर से गोताखोरों की टीम बुलाई गई थी। रविवार देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया, जो सोमवार सुबह फिर से शुरू किया गया। करीब 24 घंटे बाद पार्वती नदी से चारों बालिकाओं के शवों को बाहर निकाल लिया गया है।

### बोलेरो कैंपर पलटी दो बच्चों की मौत नौ घायल

**फलौदी।** जिला मुख्यालय पर एक निजी स्कूल के बच्चों को ला रही बोलेरो कैंपर के पलटने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। उन्हें फलौदी के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो गंभीर घायलों को जोधपुर के लिए रैफर किया गया हैं। भोजासर थाना अधिकारी दलपत सिंह चौधरी ने बताया कि रानीसर स्थित निजी मरुस्थल पब्लिक स्कूल के बच्चों को बोलेरो कैंपर स्कूल लेकर जा रही थी। इस दौरान रास्ते पडियाल रोड पर कैंपर पलट गई। इससे मौके पर बच्चों की चीख पुकार मच गई। आस पास के लोग तुरंत दौड़े और बच्चों को निकालना शुरू किया। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### चाकसू न्यायालय का 11वां स्थापना दिवस मनाया



**चाकसू।** सिविल न्यायालय चाकसू का 11वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इसमें राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार उपवन बतौर मुख्य अतिथि के शिरकत की। उन्होंने समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एनएल शर्मा व महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा सहित मौजूद अधिवक्ताओं ने जस्टिस उपवन का स्वागत किया। कार्यक्रम में हाई कोर्ट अधिवक्ता रितु शर्मा, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, स्थानीय न्यायिक अधिकारी कंचन राजावत, प्रधान प्रतिनिधि बद्री चौधरी, पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन, एडवोकेट हरप्रीत सिंह, अमित बाहेती, राधेश्याम बैरवा, सुनील शर्मा, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मुंबई से फ्लाइट से लौटे जोधपुर... एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के साथ ले जाया गया जेल

# 11 साल में पहली बार 14 दिन जेल से बाहर रहा आसाराम

**बेधड़क | जोधपुर**

नाबालिग लड़की के साथ यौन शोषण के आरोप में जोधपुर केंद्रीय कारागृह में आजीवन कारावास से सजा भुगत रहा आसाराम सोमवार को उपचार के बाद जोधपुर लौट आया है। मुंबई से जोधपुर की फ्लाइट से लौटे आसाराम को कड़ी सुरक्षा के साथ एयरपोर्ट से जेल ले जाया गया। सोमवार को भी आसाराम को प्लेन से नीचे उतरने के बाद एक विशेष वाहन से गेट तक लाया गया और एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। इस दौरान उसे देखने आए उसके साधकों को एक फिर निराशा हाथ लगी। आसाराम को 24 अगस्त को ले जाया गया था। पांच दिन की पैरोल बढ़ाई गई थी। सोमवार को मुंबई से जोधपुर आते समय आसाराम के भक्त बड़ी संख्या में फ्लाइट में थे जो बार-बार उसके पास जाकर उसका आशीर्वाद लेने का प्रयास करने में लगे रहे। इस दौरान जोधपुर पुलिस के जवान उनको रोकने का प्रयास करते नजर आए।



### सितंबर 2013 इंदौर से किया था गिरफ्तार

आसाराम को सितंबर 2013 में इंदौर से जोधपुर पुलिस गिरफ्तार करके लेकर आई थी। इसके बाद से जेल में ही है। गिरफ्तारी के बाद करीब पांच साल लंबी ट्रायल चली। इस दौरान आसाराम को जेल से कोर्ट लाया जाता था। 2018 में फैसला आने के बाद कोर्ट आना भी बंद हो गया। सिर्फ इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। यह पहला मौका है जब 11 साल में पहली बार आसाराम जोधपुर से 14 दिन तक बाहर रहा है।

### पहली बार मिली पैरोल

जोधपुर जेल में हाईकोर्ट में आसाराम की ओर से कई बार पैरोल के लिए याचिकाएं लगाई गईं, लेकिन पहली बार उपचार के लिए 13 अगस्त को न्यायाधीश पुष्पेंद्र भाटी और न्यायाधीश मुन्नारी लक्ष्मण की खंडपीठ ने जोधपुर एम्स की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सात दिन की पैरोल दी थी।

### उपचार और आने-जाने का पूरा खर्चा खुद ने किया वहन

नाबालिग लड़की के साथ यौन शोषण के आरोप में जोधपुर जेल में बंद आसाराम की ओर से हमेशा यह दलील दी जाती रही है कि वह सिर्फ और सिर्फ आयुर्वेद उपचार करवाएगा। उसके शिष्य ने कोर्ट में महाराष्ट्र के खपोली स्थित माधव बाग अस्पताल में हार्ट का इलाज करवाने के लिए पैरोल का आग्रह किया था। इस पर पहली बार उसे पैरोल मिली। आसाराम 27 अगस्त को रवाना हुआ था। उसकी याचिका और अस्पताल की रिपोर्ट पर पांच दिन पैरोल बढ़ाई गई थी। इसके पूरे होने के बाद सोमवार को उसे जोधपुर लाया गया है। कोर्ट के निर्देश पर उपचार और आने-जाने का पूरा खर्चा आसाराम द्वारा ही वहन किया गया है। कोर्ट ने आसाराम की पैरोल का समय उपचार शुरू होने से और खत्म होने की ही तय की थी। आने-जाने का समय नहीं जोड़ा गया।

## तरंग शक्ति-2024: भारत और अमेरिकी सेना के बीच युद्धाभ्यास

# तीनों सेनाओं के वॉइस चीफ ने तेजस विमान से भरी उड़ान



**बेधड़क | जोधपुर**

एयरबेस पर चल रहे तरंग युद्ध अभ्यास पार्ट-2 में सोमवार को तीनों सेनाओं के उपप्रमुख ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। युद्धाभ्यास के दौरान यह पहला मौका है, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने भारत के स्वदेशी जहाज तेजस में उड़ान भरी। वायु सेना के एयर मार्शल एपी सिंह ने सिंगल-सीटर एलसीए तेजस लड़ाकू विमान उड़ाया, जबकि नेवी और आर्मी उप प्रमुख ने एलसीए के ट्विन-सीटर ट्रेनर वर्जन में उड़ान भरी।

तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान रणनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह पहला मौका है जब भारत इस तरह का अंतरराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास का मेजबानी कर रहा है। इस तरंग युद्ध अभ्यास में भाग लेने वाले अमेरिका सहित सात देशों के एयरफोर्स ऑफिसर और 16 से ज्यादा देशों के समक्ष भारत स्वदेशी हथियारों की नुमाइश करने जा रहा है। ऐसे में तीनों वाइस चीफ का तेजस में उड़ान भरना भरोसा दर्शाता है।



### युद्धाभ्यास से विश्व को भारत का संदेश

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में 12 सितंबर से डिफेंस एक्सपो शुरू होगा। भारत इस युद्ध अभ्यास के माध्यम से पूरे विश्व को एक संदेश दे रहा है कि भारत अब मल्टीनेशनल एक्सरसाइज में आ गया है और पहली बार भारत ने यह मल्टीनेशनल एक्सरसाइज ऑर्गनाइज की है। इस युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेने वाले देशों के सैनिक एक दूसरे देशों की लैंग्वेज से बैरियर से बाहर निकल रहे हैं, वहीं भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने देश में बने स्वदेशी लड़ाकू विमान की उपस्थिति दर्ज करवा रहा हैं, जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड व लाइट कॉम्बेट हेलिकॉप्टर ध्रुव शामिल है।



### हथियारों का भी किया जाएगा प्रदर्शन

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के माध्यम से अमेरिका के अलावा छोटे देशों के लिए भारत हथियार निर्यात की संभावनाएं तलाश रहा है। जोधपुर एयर बेस पर तरंग युद्ध अभ्यास का ओपन डे रखा गया था। इस दौरान अन्य देशों से आए हुए वॉरियर्स ने भी भारतीय वायु सेना की तारीफ की थी और स्वदेशी विमानों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया था। उसको लेकर भी उनमें रोमांच भर दिया था।




### एक बार फिर सूर्य किरण टीम कलाबाजियां 12 को

वायु सेवा के बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति के ओपन डे के दिन जोधपुर के लोगों को अपनी कलाबाजियों से मंत्र मुक्त करने वाली सूर्य किरण टीम एक बार फिर आसमान में कलाबाजियां दिखाएंगे। सूर्य किरण टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जोधपुर के लोगों के उत्साह को सलाम करते हुए घोषणा की है कि वह 12 सितंबर को एक बार फिर मिलेंगे। टीम ने लिखा कि जोधपुर को धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और जोश ने इस अनुभव को अविस्मरणीय बना दिया। 12 सितंबर को फिर मिलेंगे।



## तीर्थराज मचकुंड का मेला संपन्न

# श्रद्धालुओं ने मचकुंड सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी



**बेधड़क | धौलपुर**

तीर्थराज मचकुंड सरोवर का वार्षिक लक्खी मेला सोमवार को पर्व स्नान के साथ संपन्न हो गया। दो दिन तक चले मेले में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाई। मचकुंड मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से माकूल इंतजाम किए गए थे। पूर्वी राजस्थान के लक्खी मेलों में शुमार मचकुंड मेले में देवछठ के मौके पर पर्व स्नान हुआ।

मेले में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम ऋषि पंचमी से ही शुरू हो गया था, जो सोमवार शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने अल सुबह मचकुंड सरोवर में पवित्र स्नान किया। इसके बाद पूरे विधि विधान के साथ में नव दंपत्ति के मौहर और मौहरियां जल में विसर्जित कीं। इस दौरान महिलाओं ने परंपरागत रूप से मंगल गीत गाए तथा सरोवर के किनारों पर बने मंदिरों पर पूजा अर्चना भी की। मेले में श्रद्धालुओं की भारी तादाद के कारण मचकुंड सरोवर के किनारे बने घाटों पर तिल रखने को भी जगह नहीं बची थी। ऐसा ही हाल परिक्रमा मार्ग में बने प्राचीन बरामदों और मंदिरों का भी रहा।

श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और विस्वास के साथ में मचकुंड महाराज की आरती उतारी तथा परिक्रमा भी लगाई। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा शेर शिकार दाताबंदी छोड में आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण किया तथा वापसी में शाह अब्दाल शाह बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी भी लगाई। मचकुंड मेले के दौरान कलेक्टर श्रीनिधि बी टी और एसपी सुमित मेहरडा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# चाकसू से खाटू श्यामजी की 30वीं पदयात्रा रवाना

**चाकसू।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में सोमवार को चाकसू के श्री चंपेश्वर महादेव मंदिर से खाटू श्यामजी के लिए 30वीं पदयात्रा रवाना हुई। श्याम मित्र मंडल अध्यक्ष अवधेश माथुर की मौजूदगी में पं. बद्री महाराज के सान्निध्य में पूजा अर्चना कर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, राजेश खटाणा ने पदयात्रियों को रवाना किया। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सुबह दस बजे से ही चंपेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालु व पदयात्री एकत्रित होने लग गए थे। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष अवधेश माथुर एवं श्याम प्रेमी एडवोकेट अमित बाहेती व योगेश



कुमावत ने बताया कि पदयात्रा का पहला रात्रि विश्राम हरि निवास गार्डन बीलवा में होगा। 10 सितंबर को राजधानी कूकरखेडा कृषि मंडी, सीकर रोड, 11 को भौमिया जी मंदिर, टीबा धाम, अणतपुरा, 12 सितंबर को बाबा गेस्ट हाऊस, खाटू रोड, रींगस और 13 सितंबर को खाटू श्यामजी मंदिर पहुंचेगी।

## ऑपरेशन एंटी वायरस

# मेवात में 2.36 लाख सिम और 2.29 लाख IMEI नंबर किए ब्लॉक

**बेधड़क | जयपुर**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत मेवात क्षेत्र में ऑपरेशन एंटी वायरस चलाया जा रहा है। पुलिस की ओर से इस अभियान में 2.36 लाख संदिग्ध सिम और 2.29 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाए गए हैं। मेवात रीजन में राजस्थान पुलिस की प्रभावी कार्रवाई से साइबर क्राइम रेट में भी भारी कमी आई है। प्रदेश भर में दो माह के विशेष अभियान में पांच हजार से ज्यादा चोरी और गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाए गए हैं।

महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध और एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी के मुताबिक साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश के मेवात क्षेत्र में चलाए गए 'ऑपरेशन एंटी वायरस' में राजस्थान पुलिस ने भारत सरकार और दूरसंचार विभाग से समन्वय करते हुए 2.36 लाख संदिग्ध सिम और 2.29 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाए हैं, वहीं प्रदेश भर में जुलाई-अगस्त-2024 में गुमशुदा मोबाइल की तलाशी के लिए संचालित विशेष अभियान में 5000 से ज्यादा चोरी और गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाए गए हैं।

### साइबर क्राइम में आई कमी




### मेवात में साइबर क्राइम 18 फीसदी से घटकर 5 %

प्रदेश में बढ़ रहे साइबर क्राइम को चैलेंज के रूप में लेते हुए राजस्थान पुलिस ने मेवात क्षेत्र में 'ऑपरेशन एंटी वायरस' के तहत साइबर क्रिमिनल्स की डेटाबेस के आधार पर पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। इसके परिणाम स्वरूप मेवात क्षेत्र में साइबर क्राइम में भारी कमी दर्ज की गई है। आज से करीब 5-6 महीने देश के साइबर क्राइम का 18% मेवात क्षेत्र में हो रहा था, वह अब घटकर मात्र 5% तक रह गया है।

### गंभीर धाराओं में दर्ज किए केस

डीजीपी (साइबर अपराध) प्रियदर्शी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में आपरेशन एंटी वायरस में प्रभावी कार्रवाई करते हुए न सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए गए हैं। इस वजह से अधिकांश आरोपियों की न्यायालय से जमानत नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 2.36 लाख के करीब संदिग्ध सिम और करीब 2.29 लाख संदिग्ध आईएमईआई वाले मोबाइल हैंडसेट की पहचान कर भारत सरकार के डिपार्मेंट आफ कम्यूनिकेशन से संपर्क कर ब्लॉक करवाया गया है, जिसके कारण साइबर क्राइम के अपराध में कमी आई है।

### गंभीर धाराओं में दर्ज किए केस

डीजीपी (साइबर अपराध) प्रियदर्शी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में आपरेशन एंटी वायरस में प्रभावी कार्रवाई करते हुए न सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किए गए हैं। इस वजह से अधिकांश आरोपियों की न्यायालय से जमानत नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 2.36 लाख के करीब संदिग्ध सिम और करीब 2.29 लाख संदिग्ध आईएमईआई वाले मोबाइल हैंडसेट की पहचान कर भारत सरकार के डिपार्मेंट आफ कम्यूनिकेशन से संपर्क कर ब्लॉक करवाया गया है, जिसके कारण साइबर क्राइम के अपराध में कमी आई है।

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो कार्यशाला का शुभारंभ

# जो क्षेत्र मीडिया से अछूता, वहां सामुदायिक रेडियो की आवश्यकता




बेधड़क | जयपुर

सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया और अंतिम मील कनेक्टिविटी बनाने की क्षमता पर चर्चा और इसका व्यापक प्रसार करने के उद्देश्य से सोमवार को राजधानी में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक कार्यशाला आयोजित की।

सीकिंग मॉडर्न एप्लीकेशन फॉर रियल ट्रांसफॉर्मेशन (स्मार्ट), नई दिल्ली और स्थानीय भागीदार के रूप में रेडियो 7, राजस्थान के सहयोग से यह दो दिवसीय कार्यशाला हुई। पत्र सूचना कार्यालय की अपरमहानिदेशक ऋतु शुक्ला ने इस दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो जागरूकता कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में कहा कि आज का दौर ग्लोबल से लोकल का दौर है, जिसके फलस्वरूप सामुदायिक रेडियो का महत्व बहुत बढ़ जाता है। क्यूंकि वह हर व्यक्ति से अपने स्तर पर संपर्क स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई क्षेत्र हैं, जो मीडिया से अभी भी अछूते हैं और उन्हें सामुदायिक रेडियो स्टेशन के द्वारा मुख्यधारा में जोड़े जा सकता है। सूचना के बढ़ते चैनलों के बावजूद इसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो सूचना का एक विश्वसनीय स्रोत हैं, इसलिए जब वे कुछ कहते हैं तो समुदाय सुनता है।

### हर जिले में खुलेगा सामुदायिक रेडियो स्टेशन

कार्यशाला के उदघाटन सत्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक जी एस केसरवानी ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से पूरे देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशन जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मीडिया से वंचित जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सरकार हर जिले में कम से कम एक सी आर स्टेशन रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हाल ही में संशोधित नीति से एक संगठन द्वारा 6 स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दी है, जबकि पहले एक संगठन में केवल एक स्टेशन होता था।

### स्थानीय आवाजों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यशाला में स्मार्ट की संस्थापक अर्चना कपूर ने स्थानीय आवाजों को सशक्त बनाने में सामुदायिक रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक रेडियो का माध्यम व्यक्तियों, समूहों और समुदायों को अपनी कहानियां सुनाने, अनुभव साझा करने और सामग्री निर्माता बनने में सक्षम बनाता है, विशेष रूप से उन मुद्दों को संबोधित करता है जो स्थानीय लोगों के लिए लोकप्रिय और प्रासंगिक हैं, लेकिन मुख्य धारा के मीडिया में कोई स्थान नहीं पाते हैं।

### तीन राज्यों के 45 प्रतिभागियों ने अनुभव किए साझा

कार्यशाला में राजस्थान, गुजरात और हरियाणा से 45 प्रतिभागियों भाग ले रहे हैं। इन सभी प्रतिभागियों ने अपने राज्यों में आदिवासी, सामाजिक और विकास के मुद्दों के साथ-साथ किसान विज्ञान केंद्रों पर काम करने वाले जमीनी स्तर के समुदाय-आधारित संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व किया। यहां सामुदायिक रेडियो से जुड़े विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों को रेडियो 7 के फील्ड विजिट के लिए ले जाया गया, जहां उन्हें स्टूडियो, लाइव प्रसारण और कंटेंट डेवलपमेंट की चुनौतियों से अवगत कराया गया। बीईसीआईएल द्वारा एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। यह वर्कशॉप मंगलवार तक विभिन्न सत्रों में आयोजित की जाएगी।

## Yuva स्टोरीज

### डेयरी फेडरेशन के प्रबन्ध संचालक के पद का कार्यभार संभालने पर कहा...

# निजी डेयरियों से प्रतिस्पर्धा कर सरस को राष्ट्रीय स्तर का ब्रांड बनाएं: श्रुति



बेधड़क | जयपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रुति भारद्वाज ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रबन्ध संचालक पद का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फेडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने डेयरी फैडरेशन और इससे जिला दुग्ध संघों की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही फेडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरस ब्रांड के दूध और दुग्ध उत्पादों की उच्च गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के क्षेत्र में निजी डेयरियों से प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और सहकारी डेयरी की विशिष्ठ पहचान बन चुके सरस ब्राण्ड को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही, ग्लोबल मार्केट में सरस ब्राण्ड के लोंग लाईफ मिल्क प्रोडक्टस की सम्भावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने दिसम्बर माह में राज्य सरकार की प्रस्तावित इंवेस्टर्स समिट राईजिंग राजस्थान में डेयरी फेडरेशन की प्रतिभागिता की तैयारी के निर्देश भी दिए। भारद्वाज ने जयपुर डेयरी प्लान्ट का भ्रमण भी किया। उन्होंने जयपुर डेयरी के नवीन डेयरी संयंत्र, पाउडर प्लान्ट, टेट्रापेक प्लान्ट, घी प्लान्ट आदि का निरीक्षण किया और जयपुर डेयरी द्वारा प्लान्ट परिसर में हाईजनिक कंडीशंस पर संतोष जाहिर किया। जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम पूनिया ने उन्हें जयपुर डेयरी की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर फैडरेशन के वित्तीय सलाहकार ललित वर्मा और महाप्रबन्धक (परियोजना) प्रीतेश जोशी भी मौजूद रहे।

# 27 और 28 सितंबर को दो पारियों में होगा सीईटी एग्जाम

बेधड़क | जयपुर

**जयपुर**। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा 2024 (सीईटी) एग्जाम की परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। बोर्ड ने सोमवार को एक नोटिस जारी कर ये परीक्षा तिथियां घोषित की हैं। जिन भी उम्मीदवारों ने सीईटी परीक्षा के लिए पंजीकरण किया है, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर यह नोटिस देख सकते हैं। बोर्ड द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, राजस्थान सीईटी का आयोजन 27 और 28 सितंबर को किया जाएगा। परीक्षा दोनों दिन दो पारियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबर 9 बजे से 12 बजे तक रहेगी और दूसरी पाली का आयोजन शाम 3 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में 300 अंकों के कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए उम्मीदवारों को कुल तीन घंटे का समय दिया जाएगा। बोर्ड एग्जाम से 10 दिन पहले परिणाम जारी कर सकता है। सीईटी ग्रेजुएशन लेवल परीक्षा 27 और 28 सितम्बर प्रदेश के 25 जिलों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इनमें जयपुर, भरतपुर, अलवर, बूंदी, झालावाड़, जोधपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, कोटपूतली, अजमेर, सीकर, बारां, दौसा, नागौर, बीकानेर, पाली, ब्यावर, डूंगरपुर, राजसमंद, उदयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़, सवाई माधोपुर जिले शामिल हैं।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी किए पूरक परीक्षा के परिणाम

**अजमेर**। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को बोर्ड परीक्षा 2024 की पूरक परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अनुसार इस परिणाम में सीनियर सेकंडरी, सेकंडरी एवं वोकेशनल, वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका, सीनियर सेकंडरी डीप और डंब और सीडब्ल्यूएसएन, सेकंडरी डीप और डंब और सीडब्ल्यूएसएन और वरिष्ठ उपाध्याय सीडब्ल्यूएसएन कक्षाओं के परिणाम शामिल है। संबंधित अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर रोल नंबर डालकर परिणाम देख सकते हैं।

## प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान की शुरुआत पर शिक्षा मंत्री ने कहा...

# क्लास में रीडिंग कराकर निखारेंगे 80 लाख बच्चों को

बेधड़क | झालावाड़/जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 'प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान' का शुभारम्भ सोमवार को झालावाड़ जिले के कनवाड़ी ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से किया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने अभियान के शुभारम्भ पर कहा कि प्रदेश के बच्चों को किताबों को प्रवाह से पढ़ना सिखाने के लिए राज्य सरकार की ओर से 9 सितम्बर से आगामी 2 अक्टूबर तक 'प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के 65 हजार विद्यालयों के लगभग 80 लाख बच्चों को इन 23 दिनों में किताबों की रीडिंग करवाकर निखारा जाएगा।

इससे विद्यार्थियों में आनन्द और आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी विद्यालयों की अपेक्षा राजकीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर तो बढ़ा ही है, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार और ज्ञान का बोध भी करवाया जा रहा है।




### अभियान में होगी विभिन्न गतिविधियां

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के उपनिदेशक नादान सिंह गुर्जर ने 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुस्तकालय दिवस एवं हिन्दी दिवस मनाए जाएंगे। वहीं विद्यालयों में कविता व कहानी सुनाने की गतिविधियां, डिजिटल आईसीटी आधारित कहानी व कविता पढ़ने का दिवस, समुदाय में स्थानीय भाषा में गायन दिवस तथा समुदाय के साथ निपुण मेले का आयोजन किया जाएगा।

### पोस्टर का किया विमोचन


इस दौरान शिक्षा मंत्री ने 'प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान' के पोस्टर का विमोचन किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे धारा प्रवाह में किताब भी पढ़कर सुनाई गई। जिसे सुनकर शिक्षा मंत्री प्रसन्न हुए और उन्होंने शिक्षकों को बच्चों को अच्छा ज्ञान देने पर बधाई दी।

### बच्चों को व्याकरण का अच्छे से ज्ञान कराएं

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसके अन्तर्गत हिन्दी दिवस मनाया जाएगा एवं स्थानीय भाषा में कविता एवं कहानी सुनाने सहित निपुण मेले आदि का आयोजन होगा। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से कहा कि बच्चों को व्याकरण का अच्छे से अच्छा ज्ञान दें ताकि उनको धारा प्रवाह में सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा नवाचार है जिसका शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत परिणाम देखने को मिलेगा।

### राज्य परियोजना निदेशक ने भी किया विद्यार्थियों से संवाद

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, करतारपुरा, जयपुर एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बम्बाला, सांगानेर, जयपुर में पहुंचकर प्रखर राजस्थान अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित रीड ए थॉन गतिविधि में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा विद्यालय में अध्यननरत विशेष आवश्यकता वाली बालिका से लार्ज फोंट पुस्तिका पढ़वाकर बालिका का उत्साहवर्द्धन किया। चतुर्वेदी ने अजमेर के राजकीय अंध विद्यालय, आदर्श नगर के बालकों से वीडियो कॉल पर जुड़कर ब्रेल पुस्तक वाचन की प्रशंसा की। अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर अभियान के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शुभरामपुरा, जयपुर में पहुंचकर विशेष आवश्यकता वाले बालक से संवाद कर उत्साहवर्द्धन किया। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता की। इसी प्रकार प्रदेश के विभिन्न जिला कलेक्टर भी प्रखर राजस्थान अभियान में सहभागी बने। जिला कलेक्टर-बांसवाड़ा डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पीएमश्री महात्मा गांधी विद्यालय, खांदू कॉलोनी, जिला कलेक्टर-बीकानेर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने राजकीय अंध विद्यालय, बीकानेर, जिला कलेक्टर-भीलवाड़ा श्री नमित मेहता, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुलिस लाइन, भीलवाड़ा में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद कर अभियान को उत्साहपूर्वक संचालित करने के लिए प्रेरित किया।



### अभियान की मोबाइल लाइब्रेरी वैन को दिखाई हरी झण्डी

'प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान' के तहत शिक्षा मंत्री ने मोबाइल लाइब्रेरी वैन का उद्घाटन भी किया गया तथा हरी झण्डी दिखाकर उसे रवाना किया गया। साथ ही शिक्षा मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा पूर्व में चलाए गए वृहद पौधारोपण अभियान में शिक्षा विभाग का बेहतरीन सहयोग देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा छत्रपाल चौधरी, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की उपायुक्त ओमप्रभा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक हंसराज मीणा, एडीपीसी समसा सीताराम मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनेल रमेश चन्द्र शर्मा, कनवाड़ी विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन अध्यापक शंकरलाल रायका तथा शाहरूख खान ने किया।

## एसकेआईटी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का प्रारंभिक चरण आयोजित

# 700 से अधिक छात्रों ने खोजे समाज की चुनौतियों के समाधान



बेधड़क | जयपुर

एसकेआईटी जयपुर के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल ने हाल ही में प्रतिष्ठित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रारंभिक चरण का आयोजन किया।

एसआईएच एक राष्ट्रीय पहल है, इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार और समस्या-समाधान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में सात सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जहां युवा नवाचारियों को समाज की प्रमुख चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करने का अवसर मिला। शीर्ष प्रदर्शन करने वाली तीस टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर भव्य समापन में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम का मूल्यांकन उद्योग के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की एक पैनल ने किया। इसमें अंशुल कपूर, आर्यन सिंह, मोहित अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, आदित्य त्रिवेदी, रोहित श्रीमाल, डॉ. मीनाक्षी नवल, डॉ ऋचा रावल और काशिफा खान शामिल थे। इन्होंने समानांतर सत्रों में विचारों और समाधान का निरीक्षण किया। यह सफल पहल एसकेआईटी की नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पशु परिचर भर्ती का सिलेबस और एग्जाम पेटर्न हुआ जारी

**जयपुर**। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पशु परिचर भर्ती का नया सिलेबस और एग्जाम पैटर्न कर दिया। बता दें कि पशु परिचर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 19 जनवरी से 17 फरवरी तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे। पशु परिचर भर्ती का आयोजन 5934 पदों के लिए किया जा रहा है। इसमें गैर अनुसूचित क्षेत्र के लिए 5281 पद और अनुसूचित क्षेत्र के लिए 60053 पद रखे गए हैं। पशु परिचर भर्ती के लिए एग्जाम 1 दिसंबर से 4 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस भर्ती के लिए 17 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है यानी एक पद के लिए लगभग 286 अभ्यर्थी दावेदार हैं। एग्जाम में कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें प्रत्येक प्रश्न एक अंक का रहेगा और गलत उत्तर पर एक चौथाई भाग नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। इस प्रश्न पत्र में कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे और पेपर कुल 150 अंकों का होगा। प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। परीक्षा का मानक स्तर सेकेंडरी का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और ओएमआर शीट आधारित होंगे। इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा में भूगोल, राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृत, सामान्य विज्ञान, प्रमुख समसामयिक घटनाएं, गणित और पशुपालन से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

**लोकार्पण** — कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री ने श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड कार्यालय का किया लोकार्पण

# अन्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार हो वर्क फोर्स: राठौड़

बेधड़क | जयपुर

कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को आरएसएलडीसी मुख्यालय परिसर में विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड कार्यालय का लोकार्पण किया।

इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करने में कुशल युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण हैं, इसलिए राज्य सरकार प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी विशेषज्ञों को आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के माध्यम से कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमता संवर्धन कर उन्हें सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों से अपेक्षा है कि कौशल विकास के कार्यक्रमों का निरंतर मूल्यांकन कर उसमें सुधार करते रहें, ताकि अन्तरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप वर्क फोर्स तैयार हो। इससे राज्य के औद्योगिक विकास में भी उनकी अहम भूमिका सिद्ध होगी।



### सरकार राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए कर रही प्रयास

मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना, कौशल निर्माण, सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति से औद्योगिक विकास का सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। इससे युवाओं को न केवल रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं, बल्कि वे स्वयं उद्यमी बन रोजगार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

### अधिकाधिक पौधरोपण का किया आह्वान

कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री ने इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर सभी से अधिकाधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के आयुक्त हृदेश कुमार शर्मा, विभाग और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहाव क्षेत्र में बांध निर्माण नदियों के लिए घातक



राम भरोस मीणा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पारिस्थितिकी प्रणाली को पर्यावरण के अनुकूल तथा आर्द्र भूमि को नम बनाए रखने में नदियों का बड़ा महत्व होता है। अक्सर देखा भी जाता है कि जितनी बड़ी नदी होगी उतना ही बड़ा उसका बहाव क्षेत्र होगा। ऐसा होने पर वनस्पतियों, वन्य एवं जलीय जीवों एवं पक्षियों को विचरण करने, प्रजनन क्रिया व उनके अण्डे देने लायक उनके अनुकूल परिस्थितियां बनी रहती हैं, जिससे प्रत्येक मौसम में मनमोहक, दिल को छूने वाला स्वच्छ, सुंदर एवं शुद्ध वायु से भरपूर वातावरण बना रहता है। वनस्पति की बहुतायत होने से वायु की गुणवत्ता के साथ नदी के जल को शुद्ध एवं पवित्र बनाने की दिशा में तथा वर्षा जल संग्रहण करने और भूगर्भीय जल के स्तर को बढ़ाने में छोटी- छोटी झाड़ियों और बड़े - बड़े वृक्षों का जितना योगदान होता है, उतना ही नदी के भूगर्भीय जल स्त्रोतों को जल संग्रह करने हेतु उपयोगी बनाए रखने में वन्य जीवों का योगदान भी नकारा नहीं जा सकता। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में नदियों के योगदान को भुला दिये जाने के साथ ही, उन्हें हेय दृष्टि से भी देखा जाने लगा है। यही वह अहम कारण है जिसके चलते नदियां उपेक्षा की शिकार हो रही हैं।

यही नहीं, आज एक और समस्या पैदा हुयी है, वह यह कि आज नदियों की सहायक नदियों और नालों पर जल संग्रह करने की स्थिति में भूमि में जल स्तर बढ़ाने के नाम पर पिछले दो तीन दशकों से जो कंक्रीट के छोटे बड़े बांध बनाएं जा रहे हैं, वह वास्तविक रूप से नदी के मूल स्वरूप को ही खत्म करने और कंक्रीट की एक मोटी दीवार के नाम पर करोड़ों खर्च कर विकास के नाम नदी के विनाश के अलावा और कुछ नहीं है। इसे हम यह भी कह सकते हैं कि "नदियों का मूल रूपेण पतन ही बांधों के निर्माण से शुरू हुआ है" तो कुछ गलत नहीं होगा। असलियत में बांध नदी की मुख्य धारा पर कम और सहायक नहरों-नालों पर बहुतायत में बनने से नदी में पानी की आवक कम हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप वह धीरे-धीरे सिकुड़ने लगती है और धीरे धीरे सिकुड़ने के साथ-साथ उस पर अतिक्रमण बढ़ने लगता है जिसके कारण नदी अपना अस्तित्व खोने के साथ सभी जीव जन्तुओं, पक्षियों ,जानवरों सहित वहां मौजूद वनस्पतियां भी धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं, आर्द्र भूमि उष्ण होने लगतीं है, जल स्तर गिरते चला जाता है, पारिस्थितिकी तंत्र लड़खड़ाने लगता है, पर्यावरणीय ख़तरों को बढ़ावा मिलने लगता है, परिणाम स्वरूप वायु की शुद्धता और उसकी गुणवत्ता खत्म हो जाती है। आज के दौर में यही सब तो हो रहा है। नदियां जो पानी अपने पेट में सोख कर भूगर्भीय जल का स्तर बढ़ाती हैं, उतना बांध बढ़ाने में कभी भी मददगार साबित नहीं हुए और ना ही बांधों ने पारिस्थितिकी प्रणाली को अनुकूल बनानें का कोई काम किया बल्कि पानी, नदी व स्थानीय पारिस्थितिकी व्यवस्थाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दिया है। इस वर्ष इंद्र देव की कृपा होने से वर्षा अच्छी हुयी है, नदी नाले उफ़ान पर चल रहे हैं, नदियां कल-कल करती बह रही हैं, झरने मनमोहक हो रहे हैं, इससे लोगों को एक नई आशा दिखाई देने लगी है। इसके साथ सवालिया निशान यह भी है कि कुछ स्थानीय नदियां बिलकुल सूखी हैं जबकि वर्षा का औसत सही है।

> *"जहां हजारों की संख्या में वन्य जीव विचरण करते थे, सैकड़ों प्रजातियों की वनस्पतियों को देख पक्षियों का मन गदगद हो जाया करता था, कुओं में पानी छलकता था, चारों ओर खुशहाली होती थी लेकिन ना आज वनस्पति ही दिखाई देती है ना वन्यजीवों का कोलाहल सुनाई दे रहा है और ना पक्षियों का कलरव सुनाई दे रहा है। दिखाई देती है तो एक सुकड़ी सी गंदगी से भरपूर मैला ढोने वाली नदी जो स्वयं अपने आप को बचाने में नाकाम रही है।"*

चार मास अर्थात चौमासे में जब बदरा सही से बरसें, तब नदी ही नहीं, नाले भी जनों जैसे कल-कल करते बहते दिखाई देते हैं, लेकिन अफसोस है कि इस वर्ष कुछ स्थानीय नदियों को एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो सका। जबकि यही नदियां चार से पांच दशकों पूर्व अपने किनारे बसे गांवों- कस्बों में तबाही मचाती थीं जो आज स्वयं बहुतायत में वर्षा होने के बाद भी अपने कंठ तक गीले नहीं कर सकीं हैं। जहाँ हजारों की संख्या में वन्य जीव विचरण करते थे, सैकड़ों प्रजातियों की वनस्पतियों को देख पक्षियों का मन गदगद हो जाया करता था, कुओं में पानी छलकता था, चारों ओर खुशहाली होती थी लेकिन ना आज वनस्पति ही दिखाई देती है ना वन्यजीवों का कोलाहल सुनाई दे रहा है और ना पक्षियों का कलरव सुनाई दे रहा है। दिखाई देती है तो एक सुकड़ी सी गंदगी से भरपूर मैला ढोने वाली नदी जो स्वयं अपने आप को बचाने में नाकाम रही है। असल में ये हालात राजस्थान के अलवर ,जयपुर, कोटपुतली- बहरोड, नीम का थाना जिलों में बहने वाली नदियों के हैं जिनके रास्ते में बने छोटे- बड़े बांध,अतिक्रमणों से घिरा बुचारा का बांध, छितोली का बांध, बीसा का बास जैसे बांध हैं। ये सभी खाली होने के साथ-साथ आगामी समय में जल संकट के कारण बनेंगे। वहीं अलवर की जला पूर्ति करने वाला जयसमंद बांध का भी नहीं भरना भी कम चिंता का विषय नहीं है। अकेले नारायणपुर वाली नदी में पानी नही होने से दर्जनों गांवों के जल स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इसका अहम कारण नदी पेट में उद्गम स्थल से लेकर नारायणपुर तक बने दो दर्जन से अधिक चेकडैम बांध रहे हैं। इससे साबित होता है कि नदियों के बहाव क्षेत्रों में बने बांधों को हटाने से ही नदियां अपने मूल अस्तित्व को बचा सकेंगी। नतीजतन बड़े बांध पानी से लबालब दिखाई देंगे,वहीं पारिस्थितिकी तंत्र अनुकूल बनने के साथ पर्यावरण की शुद्धता में भी इजाफा होगा और वन्यजीव- पक्षियों को पुनः एक नया जीवन मिलने की आशा दिखाई देगी और तब नदियों को नया जीवन मिलेगा और वे कलकल करती बहती दिखाई देने लगेंगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया पीओके के नागरिकों का आह्वान

# पाक माने पराया, बनें भारत का हिस्सा



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"पाकिस्तान की विदेश नीति पर एक तत्व हावी हो गया है और वह है-भारत विरोध नीति। पाकिस्तान ने यह तय कर रखा है कि जो भारत का मित्र है वह उसका शत्रु है। और जो भारत का शत्रु है वह उसका मित्र है। लेकिन आज की तारीख में उसके शत्रुओं की संख्या मित्रों से अधिक है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए भारत के खिलाफ मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ती है।"*

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) के निवासियों का आह्वान करते हुए कहा है कि चूंकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है इसलिए आप भारत का हिस्सा बनें। गौर करें तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का यह आह्वान ढ़ेर सारे निहितार्थों को समेटे हुए है। किसी से छिपा नहीं है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर है और वे भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना भी है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। देखा भी जा रहा है कि पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से ऊब चुके हैं और अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत मन बना लिया है।



याद होगा अभी 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाने ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ों का आंदोलन चलाया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की सेना पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है।

गौर करें तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके यह मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में हमला कर जबरदस्ती अधिकार कर लिया था। जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टुबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के जिनजियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) ही कहा जाता है। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दे दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। लेकिन भारत की तत्कालीन नेहरु सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरुप पूरे कश्मीर राज्य पर (पाक अधिकृत कश्मीर एवं आजाद कश्मीर) भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है।

हालांकि गौर करें तो कश्मीर समस्या का निपटारा 1947 में ही हो गया होता जब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को रौंदते हुए अपनी बढ़त बना ली थी। लेकिन तत्कालीन जवाहरलाल नेहरु की सरकार की ढुलमुल नीति और अदूरदर्शिता के कारण कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा भारत के हाथ से निकल गया। दरअसल नेहरु ने 31 दिसंबर 1947 को संयुक्त राष्ट्र संघ से अपील कर डाली कि वह पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी लूटेरों को भारत पर आक्रमण करने से रोके। नेहरु के इस गुहार से भारतीय सेना के हाथ बंध गए और 1 जनवरी 1949 को भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। युद्ध विराम हो जाने के बाद पाकिस्तान कश्मीर के 32000 वर्गमील क्षेत्रफल पर कुंडली मारकर बैठ गया और इस क्षेत्र को आजाद कश्मीर का नाम दे दिया।

उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी गयी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गयी है। लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। लेकिन सच यह है कि पाकिस्तान कश्मीर के जिस हिस्से को आजाद कश्मीर कहता है वह असल में गुलाम कश्मीर है और यहां नाम भर की सरकार है। असल कब्जा तो पाकिस्तान की सेना की है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरुप को योजनाबद्ध तरीके से बदला जा रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है।

कुलमिलाकर उसकी विदेश नीति पर एक तत्व हावी हो गया है और वह है-भारत विरोध नीति। पाकिस्तान ने यह तय कर रखा है कि जो भारत का मित्र है वह उसका शत्रु है। और जो भारत का शत्रु है वह उसका मित्र है। लेकिन आज की तारीख में उसके शत्रुओं की संख्या मित्रों से अधिक है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए भारत के खिलाफ मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ती है। क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# जांच जारी है



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

जब हम घर से बाहर निकलते हैं तो जगह जगह जांच केंद्रों की तख्ती नजर आती है जैसे पुलिस जांच केंद्र, वाहन प्रदूषण जांच केंद्र आदि। ये सारे जांच केंद्र आम आदमी के लिए होता है, खास आदमी इन सारे जांचों से ऊपर होते हैं। यह तो कंप्यूटर की कृपा है, इंटरनेट की कृपा है जो बड़े लोग भी अब इस जद में आ गए हैं नहीं तो पहले किसकी हिम्मत हो सकती थी कि किसी बड़े अधिकारी, बड़े नेता के गाड़ी के बारे में यह बोल सके कि आपके गाड़ी के प्रदूषण की तिथि समाप्त हो चुकी है। आज बड़े लोगों की गाड़ियां भी इन केंद्रों में जा रही है और प्रमाण पत्र ला रही है। जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन में जांच ही जांच है। शिशु पैदा लेता है तो डॉक्टर द्वारा स्वास्थ की जांच की जाती है और मरणोपरांत भी मृतक के शरीर की जांच की जाती है कि देहांत हुआ है कि नहीं?

यह तो हुआ इंसान के जन्म और मृत्यु के जांच की बात, लेकिन आदमी को जन्म और मृत्यु के बीच भी अनेक जांचों से गुजरना पड़ता है, मसलन किसी विद्यालय में नाम लिखवाना हो तो वहां जांच परीक्षा, किसी उच्च संस्थान में नाम लिखवाना हो तो वहां जांच परीक्षा,और तो और मुख्य(मेन) जांच परीक्षा में बैठने के लिए जांच परीक्षा। आज के समय में सिर्फ विद्यार्थी ही जांच परीक्षा नहीं देता है बल्कि पूरा परिवार जांच परीक्षा का अंग हो गया है। बच्चों के साथ साथ माता-पिता की भी एक तरह से जांच होती है कि उन्होंने अपने बच्चों पर कितना ध्यान दिया।

अभी कुछ दिन पहले सम्पन्न नीट जांच परीक्षा जांच के घेरे में आ गई। सांच को आंच क्या! अच्छे छात्र तो खुश हैं परंतु जिन्होंने जुगाड लगाकर अच्छा अंक लाया वे अब जांच के दायरे में आ गए हैं। कुछ अपना स्वास्थ का जांच करवा रहे हैं तो कुछ भागे-भागे फिर रहे हैं। डॉक्टर से दिखवाने जाओ तो डॉक्टर स्वयं जांच करते हैं और दूसरे जगह से भी कुछ जांच कराने के लिए कहते हैं। कभी-कभी तो डॉक्टर के द्वारा लिखा जांच भी जांच के दायरे में आ जाता है कि इस जांच की जरूरत मरीज को था वा नहीं?

पारिवारिक-सामाजिक जीवन में भी सगे-संबंधी की जांच होती रहती हैं। किसने बीमार होने पर सहायता की, किसने बेटी की शादी में मदद की, बेटा भटक गया तो उसे राह पर लाने में कौन आगे आया, कौन मेरे जख्म पर नमक छिड़कता रहा आदि।

कोई घटना दुर्घटना होती है तो उस घटना दुर्घटना पर पर्दा डालने का सबसे पहला चरण जांच चल रही है, प्रतिवेदन मिलते ही सूचना दी जाएगी,दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वो कितना भी बड़ा जांच अधिकारी का संतान ही क्यों न हो आदि की घोषणा तुरंत की जाती है। सबूतों को नष्ट करने का खेला शुरू हो जाता है। जांच शब्द इतना व्यापक है कि उसकी आड़ में मामला को ठंडा बस्ता में डाल दिया जाता है। मकान में आग लग जाए, कोई दुर्घटना होती है तो तुरंत जांच बैठा दिया जाता है और जांच की आंच में जब बड़े लोग आने लगते हैं तो जांच की आंच को धीमी कर दिया जाता है और एक दिन जांच की आग राख बन कर रह जाती है और जांच हवा हवाई होकर रह जाती है।

## फिर, महिलाओं पर अत्याचार क्यों?

# अगर यह ईश निंदा है, तो फिर ईश कहां है ?



रीतेश ओमप्रकाश जोशी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रिय अस्मा,

खबर है कि आपने कोलकाता रेप कांड के बाद दक्षिण एशियाई देशों में महिलाओं के उत्पीड़न पर सलमान हैदर की एक कविता जिसमें लिखा था, "खुदा, भगवान या ईश्वर, सब मौजूद थे, जब रेप हुआ..."। सोशल मीडिया पर साझा कर कोई अपराध किया है, जिसे आपके मुल्क में ईशनिंदा के रूप में जाना जाता है, और इस जघन्य अपराध के लिए आपके मुल्क के विद्वान मौलवियों ने आप पर अल्लाह का अपमान करने के आरोप में आपके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आपके इस जघन्य अपराध पर आपके मुल्क की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आपको ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

मैंने सोशल मीडिया पर वह वीडियो देखा है, जिसमें आपके परिवार पर विद्वान और रिवायतों के जानकार मौलवियों के नेतृत्व में भीड़ दबाव बना रही है कि वे आपको छोड़ दें या आपका सामाजिक बहिष्कार कर दें। मैं आपके इस अपराध की गंभीरता के विषय में चिंतित हूं, मैं यह भी सोच रहा हूं कि आपके मुल्क में अल्पसंख्यक महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध ज्यादा बड़े हैं, या उन अपराध से पीड़ित महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाना या उनके प्रति संवेदना प्रदर्शित करने संबंधी आपका नेक कार्य, ज्यादा बड़ा अपराध है। संसार का कोई भी धर्म महिलाओं के प्रति अत्याचार (चाहे महिला किसी भी धर्म की हो) को सही नहीं मानता। फिर उस धर्म के कथित व्याख्याता महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले को गलत कैसे मान सकते हैं? क्या कोई पंडित, मौलवी, पादरी या अन्य कोई जो धर्म के अस्तित्व में आस्था रखता है वो भगवान, ईश, गॉड के होने से इनकार कर सकता है? यही प्रश्न तो आपके द्वारा साझा की गई कविता में है। आपका दूसरा छुपा हुआ प्रश्न यही था कि यदि यह सच है कि अल्लाह, भगवान, ईश, गॉड है तो फिर वह महिलाओं के प्रति हो रहे ऐसे पाशविक अत्याचारों पर मौन क्यों है ? काश कि आपके मुल्क के वे मौलवी अपनी इबादत में इंसानियत को भी उतनी ही तव्वजो देते जितनी वो आराध्य को देते है।



आपका यह मानवतावादी दृष्टिकोण ही है, कि आप अपने देश को हमारे देश जैसा मानती है, पर यह अधूरा सच है। हमारे देश में अभिव्यक्ति की स्वंत्रतता , आपके देश की अभिव्यक्ति की स्वंत्रतता से बेहतर स्थिति में है तथा इसे न्यायपालिका और हमारे संविधान से पर्याप्त संरक्षण मिला हुआ है। हमारे यहां आईना दिखाने पर उतना विरोध नहीं होता है, जितना आपके मुल्क में होता है। यकीन मानिए आपके द्वारा उठाए गए प्रश्न न केवल प्रासंगिक है बल्कि हर उस व्यक्ति के हृदय को झकझोर रहे है जो ईश्वर में आस्था रखता है। उन प्रश्नों का उत्तर न दे पाने की खीज आपके खिलाफ हो रहे प्रदर्शन में परिलक्षित हो रही है। ऐसे लोगों के कारण ही धर्म को अफीम की संज्ञा मिलती है। आपका संघर्ष किस स्तर पर जाकर समाप्त होगा, यह भविष्य की गर्त में छुपा हुआ है, पर आदिम युग की मानसिकता लिए हुए लोगो के बीच आपका इंसानियत के लिए आवाज उठाने का यह जज्बा काबिल ए गौर, काबिल ए तारीफ है। आप सुरक्षित रहे। जिस ईश्वर के अस्तित्व पर आपको संदेह है, वह ईश्वर आपकी रक्षा करे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

X



**अमित शाह,** गृह मंत्री, भारत सरकार

आज नई दिल्ली में 'संसदीय राजभाषा समिति' की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा पुनः इसके अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूँ। हिन्दी को सभी स्थानीय भाषाओं की सखी बनाने और भारतीय भाषाओं के साथ किसी स्पर्धा के बिना हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में मोदी सरकार निरंतर प्रयासरत है। 'संसदीय राजभाषा समिति' हिंदी भाषा को और भी लोकप्रिय बना कर आजादी के आंदोलन के मनीषियों के सपने को सच बनाने में योगदान देती रहेगी।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

आज लखनऊ में सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, जीवन में आने वाली बाधाओं को रोकने का सामर्थ्य भी देता है। इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले सभी राज्य पुलिस बल व केंद्रीय पुलिस बलों के खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं!

### J&K विधानसभा चुनाव: जुबानी जंग तेज... पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इंजीनियर राशिद की पार्टी पर उठाया सवाल

# BJP की छद्म पार्टी है एआईपी: महबूबा, भाजपा के पोस्टर बॉय थे उमर: लोन

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है। विभिन्न पार्टियों के नेताओं के बीच सियासी घमसान तेज हो गया है और जुबानी जंग जारी है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तिहाद पार्टी (एआईपी) पार्टी पर निशाना साधा। वहीं जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेकेपीसी) के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला पर निशाना साधते हुए उन्होंने भाजपा का पोस्टर बॉय तक कह डाला। वहीं,








उमर अब्दुल्ला ने निर्दलीय प्रत्याशियों पर निशाना साधा है।

महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को दावा किया इंजीनियर राशिद की पार्टी जम्मू कश्मीर के अवाम की नहीं बल्कि भाजपा की एक छद्म पार्टी है। उन्होंने सवाल किया कि जेल में होने के बावजूद राशिद की पार्टी कई क्षेत्रों में चुनाव कैसे लड़ पा रही है और उनकी फंडिंग कहां से हो रही है। अनंतनाग में मीडिया को संबोधित करते हुए महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि रविवार को हमारे एक उम्मीदवार पर शोपियां के बालपोरा में एआईपी कार्यकर्ताओं द्वारा लाठियों से हमला किया गया था। अब वह टूटी हुई पसलियों के साथ श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

महबूबा ने कहा कि मुफ्ती साहब को इस पार्टी को बनाने में 50 साल लग गए, और हमारे पास अभी भी हर जगह से चुनाव लड़ने के लिए संसाधन नहीं हैं। फिर भी, एक व्यक्ति जो जेल में है वह संसदीय चुनाव लड़ता है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है, लेकिन उनकी पार्टी के पीछे कौन हैं, जो उन्हें हर जगह समर्थन हासिल करने में मदद करता है। महबूबा ने केंद्र सरकार की संलिप्तता पर सवाल उठाते हुए कहा यदि सरकार पिछली पार्टियों की विफलता के बाद रशीद की पार्टी को प्रॉक्सी बनाना चाहती है, और यदि वे धन और अन्य संसाधनों के साथ उनका पूरा समर्थन कर रहे हैं, तो उन्हें अन्य पार्टियों को चुनाव नहीं लड़ने के लिए कहना चाहिए। ये कैसी गुंडागर्दी है? उन्होंने इस बात पर भी आक्रोश जताया कि उनके उम्मीदवार पर हमले के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### सज्जाद लोन ने उमर अब्दुल्ला पर साधा निशाना

दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेकेपीसी) के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने अनुच्छेद 370 को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आर्टिकल 370 हम सभी से बड़ा है। मुझे विश्वास है कि ऐसा समय आएगा, जब यह किसी न किसी रूप में यह लौटेगा। उमर अब्दुल्ला पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा,उन्हें थोड़ी शर्म आनी चाहिए। वह कह रहे हैं कि जो लोग उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, वे सभी भाजपा के साथ हैं। उन्हें इसका समाधान बताना चाहिए, समाधान केवल एक ही है कि कोई भी उनके खिलाफ चुनाव न लड़े। उमर अब्दुल्ला को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए यह बेहतर होगा कि वह इस बारे में बात करें कि लोगों के लिए क्या करेंगे। वह भाजपा के पोस्टर बॉय थे और विदेश मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। इस दौरान उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघन और हत्याओं का बचाव किया था।

### इन बयानों पर है घमासान

उमर अब्दुल्ला ने निर्दलीय उम्मीदवारों पर हमला बोलते हुए कहा था कि इनका मकसद सिर्फ यह है कि वह 10-15 सीटें जीतकर भाजपा की झोली में डालें। इन निर्दलीय उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने का सारा बंदोबस्त भाजपा से हो रहा है। हमें इन ताकतों से बचना होगा।

## मणिपुर में राजभवन पर पथराव, 20 छात्र घायल

इंफाल। मणिपुर में पिछले कुछ दिनों से हिंसा की घटनाओं के आई तेजी के बीच सोमवार को राजधानी इंफाल में सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी की। इस दौरान सुरक्षाकर्मी भागते दिखे। पुलिस और सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड लगाकर रोका और आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 छात्रों के घायल होने की खबर है। छात्र 1 और 3 सितंबर को मैतेई इलाकों में हुए ड्रोन हमलों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय बलों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए उनसे राज्य छोड़कर जाने की मांग की। ज्ञात रहे कि छात्रों ने रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और सीएम हाउस तक पहुंच गए थे। छात्रों ने सोमवार को भी प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक वे प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## अमानतुल्लाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली**। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल की अदालत को बताया कि आरोपी से हिरासत में रखकर पूछताछ किए जाने की अब और जरूरत नहीं है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाना चाहिए। ईडी ने अपनी दलील में यह भी कहा कि यदि अमानतुल्लाह खान को रिहा कर दिया गया तो वह जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। अदालत के आदेश के बाद अब अमानतुल्लाह खान 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। एजेंसी ने अदालत को यह भी बताया कि अमानतुल्लाह खान ने पिछली रिमांड अवधि के दौरान जांच में सहयोग नहीं किया। वहीं, अमानतुल्लाह खान के वकील ने ईडी की दलीलों का विरोध किया।

### हरियाणा में कांग्रेस व आप के साथ आने में फंसा सीटों का पेच

# आप के 20 प्रत्याशी घोषित गठबंधन की उम्मीदों पर विराम

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने 20 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इस तरह, राज्य में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की अटकलों पर विराम लग गया है। इसी के साथ राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है कि आप हरियाणा के चुनावी दंगल में अकेले उतरेगी, क्योंकि कांग्रेस की तरफ से गठबंधन को लेकर कोई जवाब नहीं आया है। हरियाणा में आप से गठबंधन करने की इच्छा राहुल गांधी ने जताई थी।

आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए कहा कि आप पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव लड़ रही है। आप ने 20 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है। दूसरी सूची भी देखने को मिलेगी। अभी नामांकन में केवल 3 दिन बचे हैं। 3 दिनों के अंदर सभी उम्मीदवारों को पंक्तिबद्ध करना है। हमारे पास एक-एक सीट पर कई उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी एक अच्छा और मजबूत विकल्प है। मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में नहीं पड़ना चाहता।





### कांग्रेस के गढ़ वाली सीटों पर उतारे प्रत्याशी

आप की ओर से घोषित 20 प्रत्याशियों में से 11 सीटें ऐसी है, जहां पर कांग्रेस पहले ही प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इनमें काफी सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस को 2019 में जीत मिली थी। ऐसे में कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे दबाव की राजनीति का हिस्सा भी मान रहे हैं। ऐसे में मंगलवार दोपहर तक के समय का इंतजार किया जा रहा है।

### व्यवस्था परिवर्तन के लिए लड़ाई

हरियाणा में आप-कांग्रेस गठबंधन के सवाल पर सुशील गुप्ता ने कहा, आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन को लेकर राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे धैर्य के साथ मैदान में डटे हुए हैं। हमने पहले अपना धैर्य दिखाया और उसके बाद ही प्रत्याशियों की सूची जारी की गई। मुझे लगता है कि नतीजे हरियाणा के लिए सकारात्मक होंगे और भाजपा को हरियाणा से हटा दिया जाएगा। मालूम हो कि हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। राज्य में मतदान 5 अक्टूबर को होगा। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

### पहले अल्टीमेटम और फिर सूची जारी की

सुशील गुप्ता ने सोमवार की सुबह पहले कांग्रेस को अल्टीमेटम दिया और फिर करीब तीन बजे पहली सूची भी जारी कर दी। सूत्रों की मानें तो आप और कांग्रेस के बीच पांच सीटों पर सहमति बनने की उम्मीद थी। इससे पहले पंजाब में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो पाया था, लेकिन चंडीगढ़ में दोनों पार्टियों की जुगलबंदी सफल रही थी।

### यहां अटकी बातचीत

सूत्रों के अनुसार, आम आदमी पार्टी 10 सीट की मांग कर रही थी, जबकि कांग्रेस 5 सीट की पेशकश कर रही थी। इससे पहले, आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने कहा था कि अगर शाम तक समझौता नहीं हुआ, तो उनकी पार्टी सभी 90 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी कर देगी।

### पिक्चर अभी बाकी है?

आम आदमी पार्टी ने गठबंधन नहीं होने की सूरत में प्रदेश की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। दिल्ली और पंजाब के अलावा अभी तक आप को सबसे ज्यादा सीटें गुजरात में हासिल हुई हैं। बाकी राज्यों में उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिली है।

### दो दिनों तक चली थी मंत्रणा

संभावित गठबंधन को लेकर आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और कांग्रेस नेताओं ने शनिवार व रविवार को बातचीत की। रविवार को उनकी कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया से बात हुई थी। चड्ढा ने रविवार को कहा कि दोनों पार्टियां अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं को परे रखते हुए हरियाणा चुनाव के लिए गठबंधन करने की कोशिश कर रही हैं।

### अमित शाह का मुंबई दौरा

# शिंदे, अजित पवार और फडणवीस के साथ सीटों के बंटवारे पर मंत्रणा



**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगियों दलों में मनमुटाव की खबरों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिनों के मुंबई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं दोनों उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस व अजित पवार से मुलाकात की।

समझा जाता है कि शाह ने विधानसभा चुनावों से पहले सम्मानजनक सीट समझौते प्रति सहयोगी दलों को आश्वस्त किया है। अजित पवार के हाल के कुछ बयानों को लेकर इस तरह के कयास शुरू हो गए हैं कि वे शरद पवार के पास लौट सकते हैं। उन्होंने गत दिनों गढ़चिरौली में एक रैली में कहा था कि घर तोड़ना एक गलती थी और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि समाज कभी भी इसे (परिवार तोड़ना) स्वीकार नहीं करता।

### अजित पवार के साथ भी हुई मंत्रणा

अजित पवार भी बारामती से देर रात मुंबई लौट आए थे, लेकिन वह रात में हुई इस बैठक में शामिल नहीं हुए। उनके मुंबई में रहते हुए भी बैठक में शामिल न होने को लेकर तरह-तरह के कयास लगने लगे थे, लेकिन सोमवार को शाह की दिल्ली वापसी से पहले मुंबई हवाई अड्डे पर अिजत पवार से मुलाकात हुई। शाह ने यहां शिंदे, फडणवीस व पवार तीनों से चर्चा की। सूत्रों के अनुसार करीब 40 मिनट चली बैठक के दौरान शाह ने कहा कि महायुति एक ऐसा फॉर्मूला तैयार करेगी जो सभी के लिए सम्मानजनक होगा। हालांकि टिकट बंटवारे में जीतने की संभावना और उम्मीदवार की योग्यता ही टिकट वितरण का मापदंड होगा। शाह ने तीनों वरिष्ठ नेताओं को जीतने योग्य सीटों की सूची जल्द तैयार करने के निर्देश भी दिए, ताकि सीटों का बंटवारा शीघ्र किया जा सके।

### तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर साधा निशाना

# गिड़गिड़ाए तो दो-तीन बार कल्याण कर दिया, पर अब नहीं लेंगे साथ

**एजेंसी** | पटना

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी आभार यात्रा से ठीक पहले सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दो बार तरस खाकर इन लोगों को रख लिया था। अब इन लोगों को साथ रहने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने बिहार में बढ़े अपराध को लेकर भी नीतीश कुमार पर निशाना साधा। तेजस्वी ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि जब उन लोगों को महागठबंधन में



वापस आने की तड़प उठती है तो गिड़गिड़ाकर पैर पकड़ लेते हैं कि हमको ले लीजिए। दो-तीन बार हम लोगों ने कल्याण कर दिया। लेकिन, उन लोगों को वापस लेने का कोई मतलब नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश को कानून व्यवस्था से कोई मतलब नहीं रह गया है। वो इधर-उधर करते हैं, न ही वो जनप्रतिनिधि से मिलते हैं, न ही जनता से बात करते हैं। पूरी तरह से अधिकारियों के बीच में रहते हैं। उन्हें कोई खबर नहीं रहती है। ये बात बड़ी दुखद है। अपराधी घर में घुसकर गोली मार दे रहे हैं। ये स्थिति बनी हुई है। नीतीश कुमार के अनंत सिंह के गांव जाने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि कहीं भी जाएं मुख्यमंत्री हैं।

### प्रेरक हस्तियों को पद्म पुरस्कारों के लिए नामित करने की अपील

# हमने जमीनी नायकों को दिए पद्म पुरस्कार: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पद्म पुरस्कारों के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से इस बार भी प्रेरक हस्तियों को नामित करने के लिए कहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बीते एक दशक में जमीनी स्तर के अनगिनत नायकों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। उनके शानदार काम में धैर्य



और दृढ़ता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। पीएम ने कहा कि पद्म पुरस्कार देने की प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए सरकार ने विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए दूसरों को नामित का मौका दिया। इसमें लोग प्रेरक हस्तियों को नामित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी पुरस्कारों के लिए कई नामांकन आए हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। मैं अधिक लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामित करने की अपील करता हूं। लोग https://awards.gov.in के जरिये लोगों के नाम सुझा सकते हैं। दरअसल पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री) देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस पर की जाती है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं। इस बार भी पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव: सियासी वार- पलटवार जारी

# एक बार फिर गलत साबित होंगे बृजभूषण शरण सिंह : विनेश फोगाट

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने के बाद से हरियाणा के चुनावी दंगल में जुबानी जंग जारी है। भाजपा नेता और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के आरोपों को लेकर विनेश फोगाट ने कहा कि एक बार फिर बृजभूषण गलत साबित होंगे। फोगाट ने कहा कि अब तक बृजभूषण ने जो कुछ भी कहा है, सब गलत साबित हुआ है। एक बार फिर ऐसा ही होने वाला है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फोगाट ने कहा, दो भाजपा नेताओं ने जंतर मंतर पर बैठने की इजाजत ली थी। उन्हें देखना



चाहिए थे। उन्हें सारे जवाब मिल जाते। जहां तक ओलंपिक की बात है, वह क्या कहते हैं इससे कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने जो पहले कहा उसके बारे में सोचिए। अगर किसी महिला ने उन पर आरोप लगाया तो वह फांसी लगा लेंगे। उन्होंने कहा कि बेईमानी करके मुझे आगे बढ़ाया गया। मैंने उन्हें हर मोड़ पर गलत साबित किया है और आगे भी ऐसा ही होगा।

### यह कहा था बृजभूषण सिंह ने

बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया था कि विनेश फोगाट ने साबित कर दिया है कि उन पर यौन शोषण के आरोप और फिर प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी की योजना थी। उन्होंने कहा कि फोगाट ने ओलंपिक के नियमों का उल्लंघन किया था। दो अलग-अलग भार वर्ग से एक ही दिन ट्रायल करना उनके अयोग्य ठहराए जाने की वजह बन गई। फाइनल मुकाबले से पहले ही भगवान ने फैसला सुना दिया।

### ओलंपिक 2028 पर करती फोकस विनेश: महावीर फोगाट

कुश्ती कोच और पहलवान विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट ने विनेश के राजनीति में उतरने के फैसले पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, मैं चाहता था कि विनेश 2028 के ओलंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने पर फोकस करें। उन्हें अपने ओलंपिक लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए था। महावीर ने कहा कि मैं चाहता था कि विनेश एक और ओलंपिक में खेलें। वह स्वर्ण पदक जीतें। इसलिए मैं उनके राजनीति में आने फैसले के खिलाफ हूं।

### JJP और ASP की दूसरी सूची जारी,12 प्रत्याशी घोषित

## हुड्डा के खिलाफ सुशीला देशवाल को उतारा


**चंडीगढ़**। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए दुष्यंत चौटाला की अगुवाई वाली जननायक जनता पार्टी और चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी (एएसपी-कांशीराम) ने सोमवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। दूसरी सूची में कुल 12 उम्मीदावारों को टिकट दिया गया है। इस सूची में जजपा के 10 और एएसपी के दो उम्मीदवारों को जगह मिली है। इससे पहले जारी की गई पहली सूची में कुल 19 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए थे। जजपा ने गढ़ी-सांपला-किलोई से सुशीला देशवाल को टिकट दिया है। यहां से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा उम्मीदवार हैं। अंबाला कैंट से जजपा ने अवतार करधान सरपंच को टिकट दिया है। इस सीट पर उनका मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से होना है। ज्ञात रहे कि भाजपा से अलग होने के बाद अब जजपा ने चंद्रशेखर की पार्टी आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया है। इसमें जजपा 70 और एएसपी 20 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारेगी। गठबंधन का ऐलान करते हुए दोनों दलों के प्रमुख नेताओं ने कहा था कि किसान के मुद्दे को वो प्रमुखता से उठाते रहेंगे। इसके अलावा हरियाणा को कैसे आगे ले जाया जाए इस पर भी वो काम करेंगे।

## जरूरी खबर

### कालिंदी एक्सप्रेस को उड़ाने की साजिश नाकाम

**लखनऊ।** ट्रेन चालक की सतर्कता से प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर में संभावित हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। इंजन को एलपीजी सिलेंडर के धमाके से उड़ाने और आगे पेट्रोल बम के इस्तेमाल की साजिश रची गई थी लेकिन ड्राइवर की सूझ-बूझ से साजिश नाकाम हो गई। इस बीच , एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंच गई है। पुलिस ने इस मामले में 27 संदिग्ध लोगों को पकड़ा है। कानपुर में बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच मुंढेरी क्रॉसिंक के पास रविवार रात कालिंदी एक्सप्रेस के इंजन से एक एलपीजी सिलेंडर टकराया और धमाके की आवाज के साथ ट्रैक से दूर जा गिरा। खबर मिलने पर रेलवे और पुलिस की टीम पहुंची। छानबीन के दौरान पास से टकराए सिलेंडर के अलावा पेट्रोल बम, माचिस और एक झोले में पाउडर जैसी चीज मिली है।

### J&K: सेना ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया



**राजौरी(जम्मू कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना ने नियंत्रण रेखा पर आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम कर दिया और एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ नौशेरा के लाम सेक्टर में रविवार रात शुरू हुई थी। सेना इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सेना ने अंधेरे की आड़ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों की हरकत को भांप लिया और उन्हें चुनौती दी। जिसके बाद सेना और आतंकियों में मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना को आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।

### सैन्य अभियान में तीनों सेनाओं के एकीकरण पर जोर

**नई दिल्ली।** चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ अनिल चौहान ने सोमवार को जलस्थलीय अभियान के लिए संयुक्त सिद्धांत (डॉक्टरीन) जारी किया। नई दिल्ली में चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी की बैठक के दौरान जारी किया गया यह सिद्धांत तीनों सेनाओं के एकीकरण और संयुक्त रूप से काम करने पर जोर देता है। साथ ही जलस्थीय अभियान के संचालन के लिए कमांडरों का मार्गदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये सैन्य अभियान बहु-क्षेत्रीय सैन्य परिचालनों का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य और एकीकरण के सबसे अच्छा उदाहरण हैं।

## भारत-यूएई के बीच दोस्ती का नया दौर



# ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग समझौतों से मिलेगी रिश्तों को नई 'ऊर्जा'

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच दोस्ती का नया दौर शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूएई के युवराज (क्राउन प्रिंस) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की। इसके बाद दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों से यूएई के साथ भारत को दीर्घकालिक अवधि के लिए एलएनजी आपूर्ति का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वहीं, रणनीतिक उद्देश्य से पेट्रोलियम भंडार बनाने और अबूधाबी की कंपनियों के बीच सहमति बनी है।



### परमाणु व पेट्रोलियम क्षेत्र पर नजर

- अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता।
- एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड के बीच समझौता।
- परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के लिए अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के बीच बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता।
- भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।

### पीएम मोदी व क्राउन प्रिंस नाहयान में बहुआयामी संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और युवराज अल नाहयान ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा, हम यूएई के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत कर रहे हैं।

### गाजा समेत वैश्विक चुनौतियों पर मंत्रणा

अपनी बातचीत के दौरान मोदी और अल नाहयान ने गाजा में स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है।

## कोलकाता : महिला डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला

# डॉक्टर आज शाम तक ड्यूटी पर लौटें, नहीं तो होगी कार्रवाई: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही आंदोलनकारी डॉक्टरों से मंगलवार शाम पांच बजे तक अपने-अपने काम पर लौटने का सोमवार को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीाजे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने नौ अगस्त को इस अस्पताल में 31 वर्षीया एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच में हुई प्रगति के विवरण और अन्य पहलुओं पर विचार





करने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने कथित दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ एक माह से लगातार हड़ताल, धरना, प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे मंगलवार शाम 5 बजे तक अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आएं, नहीं तो राज्य सरकार उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि डॉक्टरों का विरोध उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता।

सीजेआई ने कहा, हमने दो दिन का समय दिया है। युवा डॉक्टरों को अब अपने अपने काम पर वापस लौटना चाहिए। हम जानते हैं कि जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। पहले काम पर लौटें। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आपको अब काम पर लौटना होगा।।

### विरोध प्रदर्शनों के कारण 23 लोगों की मौत का दावा

शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी दावा किया कि विरोध प्रदर्शनों के कारण करीब 23 लोगों की मौत हो गई और छह लाख लोगों को उपचार नहीं मिल पाया है। उन्होंने दलील देते हुए कहा, 23 लोगों की मौत इसलिए हुई, क्योंकि वे (डॉक्टर) काम पर नहीं थे। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो सकती है।

पीड़िता की मां का आरोप

### ममता झूठ बोल रही हैं, मुआवजे की पेशकश की गई थी

पीड़िता की मां ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मुआवजे की पेशकश की गई थी। सीएम ममता झूठ बोल रही हैं। दरअसल, ममता ने उन आरोपों से इनकार किया है कि ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता को रिश्वत देने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार को बदनाम करने की साजिश है। इसके जवाब में पीड़िता की मां ने कहा, मुख्यमंत्री ने कहा था कि आपको मुआवजा मिलेगा और आप अपनी बेटी की याद में कुछ बनवा सकती हैं।

## सुखोई -30 MKI के लिए इंजनों की खरीद

# HAL 26 हजार करोड़ से बनाएगा 240 इंजन

एजेंसी | नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए 240 एएल-31 एफपी एयरो इंजनों की खरीद के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। सोमवार को रक्षा सचिव गिरिधर अरामने और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय तथा एचएएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह खरीद 26 हजार करोड़ रुपए की होगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इन हवाई इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। उम्मीद है कि ये देश की रक्षा तैयारियों के लिए सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए वायुसेना की जरूरतों को पूरा करेंगे। एचएएल तय शेड्यूल के अनुसार प्रति वर्ष 30 हवाई इंजन की आपूर्ति करेगा। सभी 240 इंजनों की आपूर्ति अगले आठ वर्षों की अवधि में पूरी हो जाएगी।



### HAL भारतीय उद्योगों से लेगा सहयोग

बयान के अनुसार, हवाई इंजनों के विनिर्माण के दौरान, एचएएल देश के रक्षा विनिर्माण परितंत्र से सहायता लेने की योजना बना रहा है, जिसमें एमएसएमई और सार्वजनिक एवं निजी उद्योग शामिल हैं। डिलीवरी कार्यक्रम के अंत तक एचएएल स्वदेशीकरण सामग्री को 63 प्रतिशत तक बढ़ा देगा, जिससे इसका औसत 54 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इससे हवाई इंजन के मरम्मत कार्यों में स्वदेशी सामग्री को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। ज्ञात रहे कि हाल में ही सुरक्षा मामलों की समिति ने इन 240 एयरो इंजनों की खरीद को मंजूरी प्रदान की थी।

## अमेरिका के दौरे पर राहुल: टेक्सास में किया छात्रों से संवाद

# भारत में अधिकतर चीजें मेड इन चाइना, इसलिए बेरोजगारी : राहुल

एजेंसी | टेक्सास(अमेरिका)

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को अमेरिकी राज्य टेक्सास के डलास में कहा कि अमेरिका, यूरोप और भारत समेत कई देशों में रोजगार बड़ी समस्या बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में अधिकतर चीजें 'मेड इन चाइना' हैं। इसीलिए चीन सफल है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया गया। इतने में बहुत सारे उद्योग खड़े हो सकते थे। उन्होंने कहा कि जब हम जनता का कर्ज माफ करते हैं तो सवाल किए जाते हैं लेकिन जब कुछ लोगों का इतना कर्ज माफ कर दिया गया तो किसी ने सवाल नहीं किया। राहुल ने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में छात्रों से कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा के दौरान यह बाते कहीं। लेकिन उनकी इन टिप्पणियों पर देश में भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कही है जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके बयान का बचाव किया है। राहुल गांधी ने कहा, पश्चिम में रोजगार की दिक्कत है। भारत में भी बेरोजगारी है। लेकिन चीन में बेरोजगारी की समस्या नहीं है। वियतनाम में भी यह परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा,अगर आप अमेरिका को ही देखें तो 1940, 50 और 60 में यह वैश्विक उत्पादन का केंद्र था। यहां कार, वॉशिंग मशीन, टीवी सभी चीजें बनाई जाती थीं। इसके बाद यह प्रोडक्शन कोरिया और जापान चला गया। चीन ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पकड़ लिया। अब चीन का वैश्विक उत्पादन में बड़ा योगदान है। भारत को भी रोजगार बढ़ाने के लिए प्रोडक्शन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर ध्यान देना होगा। भारत यह नहीं कह सकता कि मैन्युफैक्चरिंग चीनियों के लिए है। हमें लोकतांत्रिक माहौल में प्रोडक्शन बढ़ाने पर काम करना होगा। जब तक हम ऐसा नहीं करते, बेरोजगारी का संकट दूर नहीं होगा। हमारी राजनीति में ध्रुवीकरण भी इसी वजह से होता है।



### कुछ ही लोगों को दिए जा रहे हैं बड़े प्रोजेक्ट्स

राहुल गांधी ने कहा कि भारत में कुछ लोगों को ही बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दे दिए जाते हैं। एक या दो को ही पोर्ट्स और डिफेंस के कॉन्ट्रैक्ट दिए जा रहे हैं। इस वजह से भारत में मैन्युफैक्चरिंग की हालत खराब हो गई है। विपक्ष की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा, बोलने से ज्यादा सुनना जरूरी है। सुनने से लोगों को बेहतर समझा जा सकता है। उन्होंने कहा, विपक्ष जनता की आवाज होती है। संसद युद्धक्षेत्र की तरह होता है जहां शब्दों से लड़ाई लड़ी जाती है। लेकिन जरूरी है कि यह समझदारी और संवेदनशीलता के साथ हो।

### संघ की आलोचना

भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय राजनीति से प्रेम, सम्मान और विनम्रता गायब हैं। उन्होंने भारत को एक 'विचार' मानने के लिए आरएसएस की आलोचना भी की। राहुल ने कहा था, आरएसएस मानता है कि भारत एक विचार है। हम मानते हैं कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है।

### राहुल को भारत का अपमान करने की आदत : भाजपा

भाजपा ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि विपक्ष के नेता चीन का पक्ष लेने के लिए उत्सुक नजर आते हैं और उन्हें भारत का अपमान करने की आदत है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि उनके सभी बयान भारत के खिलाफ झूठ को दर्शाते हैं। उन्होंने कहका कि दुनिया अगस्त 2024 तक चीन में 17 प्रतिशत युवा बेरोजगारी दर से अवगत है। इसलिए, सवाल यह है कि क्या यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ उनके समझौता ज्ञापन के कारण है कि वह हमेशा चीन के लिए बल्लेबाजी करते हैं और भारत के लिए नहीं?

### राहुल ने भारत का अपमान नहीं किया: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कभी भी भारत का अपमान नहीं किया और न ही वह ऐसा कभी करेंगे। यह हमारा वादा है।खरगे ने यहां पुस्तक विमोचन कार्यक्रम से इतर कहा, भाजपा को ऐसे मुद्दे उठाने के लिए एक बहाना चाहिए।

मुनि प्रणम्य सागर महाराज का 49वां अवतरण दिवस कल

# 'जहां श्रेष्ठ मृदुता है, वहीं मार्दव धर्म है, अहंकार जीवन को कमजोर बनाता है'

■ प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित स्व धर्म साधना शिविर में उमड़े श्रद्धालु

बेधड़क | जयपुर

जहां श्रेष्ठ मृदुता है, वहीं मार्दव धर्म है। अहंकार जीवन को कमजोर बनाता है, अतः इसका त्याग करना चाहिए। यह विचार मानसरोवर के मीरामार्ग सेक्टर 9 स्थित सामुदायिक केन्द्र में मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने रखे।

दशलक्षण महापर्व के दौरान दस दिवसीय स्व धर्म शिविर में सुबह उत्तम मार्दव धर्म पर ध्यान कराया गया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि शिविर में सुबह 5 से रात्रि 8 बजे तक आत्म साधना के साथ पूजा भक्ति के विशेष आयोजन हुए।

### चातुर्मास स्थलों पर होंगे प्रवचन

विनोद जैन कोटखावदा ने बताया, कि मंगलवार को वीतराग धर्म का उत्तम आर्जव लक्षण मनाया जाएगा। सुबह मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म की पूजा होगी। चातुर्मास स्थलों पर संतों के प्रवचन होंगे। दशलक्षण महापर्व 17 सितम्बर तक चलेगा। 12 सितम्बर तक पुष्पांजलि व्रत, 17 को दशलक्षण व्रत किए जाएंगे। इस दौरान धर्म के 10 लक्षणों की पूजा आराधना होगी। प्रतिदिन एक धर्म पर विशेष प्रवचन होगा। 13 सितम्बर को सुगन्ध दशमी मनाई जाएगी।



### तत्वार्थ सूत्र का विधान आयोजित

शिविर में तत्वार्थ सूत्र का विधान प्रारंभ हुआ, जिसमें सौधर्म इन्द्र इन्दर, महेश, अशोक, राजेन्द्र, अंकुर, अरिहंत, नमन, संभव, कविश, अधिराज, क्रियांश, आगत व समस्त बाकलीवाल परिवार शामिल हुआ। मुनि ने तत्वार्थ सूत्र के दूसरे अध्याय-जीव के असाधारण भावों को बताते हुए कहा, कि जीव का लक्षण उपयोग है। जीवों के प्रकार, उनका जन्म, मन सहित, मन रहित, विग्रह गति के प्रकार, योनियों के भेद और उत्पत्ति व शरीर के प्रकार आदि पर 53 सूत्रों का वाचन कर उस पर अर्घ्य समर्पित किए।। 53 सूत्रों को संक्षिप्त में समझाया। इससे पूर्व धर्म सभा का दीप प्रज्ज्वलन व मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन हुआ। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया, कि मुनि महाराज का 49वां अवतरण दिवस बुधवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर 49 श्रावक श्रेष्ठी मुनि के पाद पक्षालन व शास्त्र भेंट करने का पुण्यार्जन करेगें। शाम को महाआरती होगी, जिसमें श्रद्धालु घरों पर दीपक लाएंगे।





## श्रीमाथुर चतुर्वेदी समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीमाथुर चतुर्वेदी युवा सभा की ओर से समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह और स्नेह मिलन कार्यक्रम शिवदासपुरा स्थित गिरिराज फार्म पर आयोजित किया गया। सभा अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी और कार्यक्रम संयोजक अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में 2015 से 2024 के बीच शिक्षा, व्यवसाय और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य और उपलब्धियां हांसिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए, जिसमें महिला-पुरुषों के साथ युवाओं ने टैलेंट दर्शाया। इसके अलावा श्रीमाथुर चतुर्वेदी महासभा में राजस्थान से मनोनीत समस्त प्रतिनिधियों का अभिनन्दन किया गया।

### प्लांटेशन कर किया ग्रीनरी बढ़ाने का प्रयास

**बेधड़क, जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के स्टेडियम से पापड़ वाले हनुमानजी के सर्कल की तरफ जाने वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कर ग्रीनरी लाने का प्रयास किया। टीम मैंबर्स सुबह ही श्रमदान करने निकल पड़े और प्लांटेशन करते हुए उन्होंने साफ-सफाई किया और लोगों को जागरुक किया। इससे पहले भी टीम ने 110 पेड़ लगाए थे। रोज होती अच्छी बारिश में टीम का प्रयास ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपकर हरियाली को बढ़ाने का है।

### जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर का मनाया गर्भ कल्याणक दिवस

**बेधड़क, जयपुर।** जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह अभिषेक, शांतिधारा व पूजा-अर्चना के आयोजन किए गए। पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक "सुकल भादव छट्ट सुजानिए। गरभमंगल तादिन मानिये।। करत सेव शची रचि मातकी। अरघ लेय जजों वसु भांतिकी।।" बोलकर जयकारों के बीच गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ।

## City इवेंट्स

### ब्राह्मण बटुकों का निशुल्क उपनयन संस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** आस्था सांस्कृतिक संस्था जयपुर की ओर से ऋषि पंचमी पर सियाराम बाबा की बगीची में हेमाद्रि संकल्प, ऋषि अर्चन, तर्पण, दशविध स्नान व निशुल्क 25 ब्राह्मण बटुको का उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। महन्त हरिशंकर दास महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी व महेश दत्त शर्मा गुरुजी के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में मंत्री चेतन व्यास ने बताया कि विभिन्न विधाओं के विद्वानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. रजनीश हर्ष, पंडित आलोक शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा, धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय, पंडित ओमप्रकाश शर्मा, पंडित विष्णु भारद्वाज, पंडित कैलाश कान्त चतुर्वेदी, पंडित आशीष व्यास, लक्ष्मी शर्मा समारोह में उपस्थित रहे।

### राधाष्टमी का उत्सव 11 को

**बेधड़क, जयपुर।** श्रीगोविंद देवजी में राधाष्टमी का उत्सव 11 सितंबर को मनाया जाएगा। मंगला झांकी दर्शन सुबह 4 बजे होंगे। इसके बाद 4.45 बजे अभिषेक दर्शन खोले जाएंगे। राधारानी का दूध, दही, घी, बूरा, शहद से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। महाआरती के दर्शन होंगे। साथ ही धूप झांकी खोली जाएगी। धूप झांकी में महंत अंजन कुमार गोस्वामी ठाकुर श्रीजी का अधिवास पूजन करेंगे। श्रृंगार झांकी में बधाई-उछाल कर श्रीराधा रानी का उत्सव मनाया जाएगा।

### डॉ. मधु बताएंगी लय-ताल की बारीकियां



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर की शास्त्रीय संगीत की ध्रुवपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग सहयोगियों के साथ मीरा भजनों के स्वर, ताल और लय की बारीकियां बताएंगी। कोटपुतली स्थित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय 'कला धरोहर' कार्यक्रम के तहत वे 9-10 सितंबर तक मौजूद रहेंगी। कार्यशाला के अंत में विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें युवा मीरा भजनों का प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है भारत सरकार संत मीरा बाई की 525वीं जयंती मना रही है। इसी संदर्भ में प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र मे देश की सर्वोच्च संस्था संगीत नाटक अकादमी ने पूरे भारत में संत मीरा बाई पर केंद्रित 'कला धरोहर' श्रृंखला का आयोजन किया है।

11 दिवसीय उत्सव में हो रहीं सांस्कृति प्रस्तुतियां

## अमेरिका के सनातन मंदिर में गूंजा गणपति बप्पा मौरया



बेधड़क | जयपुर

गणपति बप्पा मौरया से पूरा देश गूंज उठा। वहीं ये गूंज सात समंदर पार अमेरिका में भी सुनाई दी, जो अभी जारी है। मौका है गणेश चतुर्थी पर मोदक प्रिय गणपति विराजमान होने का, जो अमेरिका के फ्लोरिडा में जयपुर के भक्तों की ओर से किया गया है।

वहां 11 दिन तक कार्यक्रम आयाजित किया जाएगा। इसके लिए जयपुर के आचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के सान्निध्य में अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के टेंपा स्थित सनातन मंदिर में गणपति की स्थापना की गई। आचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा इस दौरान गणेश पुराण पर कथा प्रवचन करेंगे। शुभ मुहूर्त में नगर परिक्रमा के साथ श्री गणेश महोत्सव प्रारंभ किया गया।

कलश यात्रा के साथ श्रीगणपति की स्थापना की गई। प्रतिदिन सुबह-शाम भगवान की पूजा-अर्चना, आरती, भजन आयोजित किए जा रहे हैं। नन्हें-मुन्ने बालकों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां हो रही हैं। इससे पूर्व आचार्य मिश्रा के निर्देशन में पं. माणिक्य शास्त्री, पं. ऋषि व्यास और पं. प्रणव ने यजमानों से महिलाओं से सुख-सौभाग्य की कामना के साथ पूजा संपन्न कराई। महिलाओं ने भगवान शिव और माता गौरी की अर्चना कर अभिषेक किया। अनुष्ठान के 11वें दिन 16 सितंबर को गणपति विसर्जन समंदर में किया जाएगा।

'सुर ताल' उत्सव का समापन

## सात सुरों का बहता दरिया तेरे नाम... जैसी गजलों ने बांधा समां





बेधड़क | जयपुर

डेल्फीक कांउसिल ऑफ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से 'सुर ताल' उत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी, विशिष्ट अतिथि नगर निगम ग्रेटर की आयुक्त रुक्मणि रियाड़ रहीं। गजल गायक प्रेम भंडारी, पमिल मोदी और देवेंद्र हिरन की सुरमई गजलों से शाम खास बनाई गई। समापन संध्या में प्रेम भंडारी, पामिल मोदी और देवेंद्र हिरन नें एक साथ मंच साझा करके विभिन्न गजलों को पेश किया।

इसमें सात सुरों का बहता दरिया तेरे नाम, अपने होंठों पर सजाना चाहता हूं, गम का खजाना तेरा भी है, ए काश ऐसा हो जाए आदि गजलों ने समा बांधा। राजस्थान डेल्फिक काउंसिल अध्यक्ष श्रेया गुआ ने बताया कि महोत्सव में फोटोग्राफर शिरीष कराले नें 3 दिवसीय फोटोग्राफी वर्कशॉप में फोटोग्राफी विधा की बारीकीयां बताईं। साथ ही पूरे भारत से आए कलाकारों नें नृत्य, शास्त्रीय संगीत गायन और वादन से दर्शकों को रूबरू कराया। इस अवसर पर काउन्सिल के सदस्य आरएएस अधिकारी शिप्रा शर्मा, कीर्ति शर्मा, नवीन त्रिपाठी, राहुल सूद उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता | जीसीपीएल टूर्नामेंट सीजन-2 का हुआ शुभारंभ

# गुलाबी नगरी की ग्रीन ग्रास पर प्लेयर्स ने बहाया पसीना

■ तीन दिवसीय टूर्नामेंट का 12 सितंबर को फाइनल

### टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी और जर्सी हुई लॉन्च

बेधड़क | जयपुर

ग्रीन ग्रास पर एक बार फिर हल्ला बोल हो रहा है। प्लेयर्स घंटों पसीना बहा रहे हैं और सबकी नजर ट्रॉफी पर है। जैसे ही ट्रॉफी आतिशबाजी के बीच लॉन्च हुई तो प्लेयर्स का उत्साह चरम पर था। फिर जर्सी दी गई और सभी म्यूजिक के बीच खुशी जाहिर करते दिखाई दिए। ये अनूठा नजारा था कैटरिंग डीलर समिति की ओर से 3 दिवसीय जीसीपीएल टूर्नामेंट की शुरुआत का, जो जयपुरिया ग्राउंड पर हो रहा है। 12 सितंबर को फाइनल होगा, जिसमें आतिशबाजी के बीच विजेता को ट्रॉफी दी जाएगी।



### आठ टीमें दिखाएंगी दमखम

कैटरिंग डीलर समिति सदस्यों की ओर से खेला जाने वाले टूर्नामेंट में 8 टीम भाग ले रही हैं। इससे पहले उन्होंने ग्राउंड पर जमकर पसीना बहाया और प्रेक्टिस करते हुए स्ट्रेटर्जी बनाई। टूर्नामेंट आयोजक कैटरिंग डीलर समिति अध्यक्ष मनोज सेवानी ने बताया कि इस तरह की टूर्नामेंट कराने से सदस्यों को प्रोत्साहन मिलता है। यह हमारा दूसरा सीजन है और कोशिश रहेगी कि हर साल इसी तरह क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जाए। इसके अलावा भी अन्य आयोजन किए जाएंगे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चाहते हैं कि सीजन की थकान को दूर करने के लिए इस तरह के आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।

**जर्सी और ट्रॉफी की दिखी झलक**

इससे पहले ट्रॉफी और जर्सी की झलक दिखाई गई, जिसमें समिति के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता व आयोजन में सहयोग देने वाले लोग शामिल रहे। मनोज सेवानी ने सभी का धन्यवाद किया। ट्रॉफी अनावरण आतिशबाजी के बीच की गई, जिसको प्लेयर्स व आयोजकों ने चीयरअप किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024



साधन से सुविधा मिलती है, लेकिन साधना से शांति मिलती है, और जीवन में सुविधा से ज्यादा शांति आवश्यक होनी चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### यागी तूफान: चीन में 240 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाएं

# नदी के पास सेल्फी लेते हुए बह गए कई टूरिस्ट

**एजेंसी** | कीव

सुपर टाइफून यागी को 2024 का अब तक का एशिया का सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। इस तूफान ने चीन, फिलीपींस और वियतनाम में जमकर कहर बरपाया है। माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर यूजर्स इस तूफान से जुड़ी कई वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। एक क्लिप में चीन की कियानतांग नदी में उठती लहरों को कैमरे में कैद रहे लोगों तेज बहाव में फंस जाते है।

वहीं, दूसरी फुटेज शहरी इलाकों की है, जिसमें सड़क पर चल रहे लोगों से लेकर घर में आराम कर रहे नागरिक भी इस तूफान से परेशान नजर आते है। चीन में आया इस भयानक टाइफून की दोनों ही वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। साथ ही, यूजर्स भी इन पोस्ट पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स कमेंट सेक्शन में तबाही से पीड़ित लोगों के लिए संवेदना जताते नजर आ रहे हैं।

## तूफान ने मचाया कोहराम...

इस वीडियो में पहले फ्रेम में स्कूटर पर बैठी एक महिली तेज हवाओं से जमीन पर गिर जाती है। वही दूसरे फ्रेम में आसमान छूने वाले झूले के सारे बॉक्स तेज हवाओं से जोर-जोर से हिलते नजर आते है। अगले द्दष्य में यागी तूफान से घर की बालकनी उड़ जाती है और लोगों को भयभीत देखा जा सकता है।



## नदी के किनारे से बह गए टूरिस्ट...

दूसरी वीडियो में कियानतांग नदी में उठ रही लहरों के बीच किनारे पर खड़े देखे जा सकते है। इस दौरान टूरिस्ट को सेल्फी लेते और वीडियो बनाते देखा जा सकता है। लेकिन एक तेज लहर में यह सभी सैलानी पानी में बह जाते है। 15 सेकंड के इस क्लिप में नदी के उफान में पास खड़े पर्यटकों को बहते देखा जा सकता है। यह डरावना नजारा यूजर्स को भी काफी डरावना लग रहा है।

## 7 सितंबर को वियतनाम में आया था यागी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यागी टाइफून 7 सितंबर को उत्तरी वियतनाम से टकराया था। स्थानीय मीडिया की मानें तो 203 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं हाई फोंग और क्वांग निन्ह प्रांतों में आई, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 78 घायल हो गए। क्वांग निन्ह में तीन और हाई डुओंग में एक व्यक्ति की जान चली गई। इस घटना से लोगों को बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य जारी है।

## 8.70 लाख व्यूज मिले X पोस्ट पर

X पर @HavaForum नाम के हैंडल ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- सुपर टाइफून यागी 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चीन में प्रवेश कर गया। @HavaForum की इस पोस्ट को एक्स पर अब तक 8 लाख 70 हजार से अधिक व्यूज और 5 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।

## टूरिस्टों के बहने पर आई पोस्ट

X पर @EuropeInvasionn नाम के हैंडल ने इस फुटेज को पोस्ट करते हुए लिखा- चीन की कियानतांग नदी का वीडियो रिकॉर्ड करने की कोशिश कर रहे लोग बाढ़ के पानी में बह गए। बहरहाल, इन दोनों ही वीडियो के कमेंट सेक्शन में यूजर्स जहां एक तरफ तूफान से परेशान लोगों के प्रति संवेदना जता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर लोगों ने नदी की वीडियो बना रहे टूरिस्ट को मूर्ख भी बताया है। एक यूजर ने बाढ़ में वीडियो बना रहे लोगों के लिए लिखा- जिंदगी एक टिक टॉक की वीडियो से बढ़कर है। वही दूसरे ने लिखा- इन लोगों ने क्या सोचा था कि क्या होने वाला है? चीन के शहर में मची तबाही के लिए यूजर ने कहा कि मैं अपने भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वहां सब कुछ ठीक हो जाए और किसी की जान-माल को कोई नुकसान न हो। एक अन्य यूजर ने लिखा कि भगवान करे हर कोई सुरक्षित हो।

### बांग्लादेश सरकार के प्रमुख यूनुस के खास ने किया ऐलान

# भारत से करेंगे शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग: यूनुस

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के नव नियुक्त मुख्य अभियोजक ने कहा है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि हाल में छात्र आंदोलन के दौरान हुई सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके।

सरकार विरोधी अभूतपूर्व प्रदर्शनों के पांच अगस्त को चरम पर पहुंचने के बाद, हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और वह देश छोड़कर भारत चली गईं। बांग्ला देश की मीडिया ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम के हवाले से कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को भारत के साथ प्रत्यर्पण संधि के तहत वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि जुलाई और अगस्त में छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के दौरान सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद अभियोजन दल ने इस्तीफा दे दिया था। उसकी नियुक्ति हसीना सरकार के दौरान हुई थी।



## हसीना पर चलेगा सामूहिक हत्या का केस

उन्होंने ढाका में न्यायाधिकरण परिसर में प्रेस वार्ता में कहा, जब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण अपना काम फिर से शुरू करेगा तो हम सामूहिक हत्या और मानवता के खिलाफ अपराध के मामलों में शेख हसीना सहित सभी फरार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए उसके समक्ष अर्जी दायर करेंगे।" अंतरिम सरकार की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम के अनुसार, हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में केस

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पिछले महीने हसीना और नौ अन्य के खिलाफ नरसंहार और मानवता के खिलाफ उन अपराध के आरोपों की जांच शुरू की थी, जो 15 जुलाई से 5 अगस्त तक छात्रों के जन आंदोलन के दौरान हुए थे। इस्लाम ने कहा कि न्यायाधिकरण और इसकी जांच टीम को नए न्यायाधीशों और जांचकर्ताओं की नियुक्ति कर पुनर्गठित करना होगा।

### IDF हेडक्वार्टर पर बड़ा हमला

# 65 रॉकेट से दहल उठा इजराइल!

**एजेंसी** | गाजा

इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से निशाना बनाया है। एक दिन पहले ही हिजबुल्लाह ने दावा किया था कि उसने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे थे।

लेबनान के विद्रोही संगठन हिजबुल्लाह ने हमले के बाद कहा कि उसने बेरूत में अपने कमांडर की हत्या का बदला लेने के लिए इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। उसके ड्रोन और रॉकेट ने इजराइली डिफेंस सिस्टम आयरन डोम को भी निशाना बनाया। दूसरी तरफ, इजरायली डिफेंस फोर्सेज यानी IDF ने एक बयान में कहा है कि हिजबुल्लाह की तरफ से करीबन 150 रॉकेट और ड्रोन दागे गए। ज्यादातर को हवा में ही मार गिराया गया। हिजबुल्लाह के हमलों के बाद इजराइल में इमरजेंसी लगा दी गई है। ज्यादा इलाकों में सायरन की आवाज सुनाई दे रही है। हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हमले में कत्यूषा रॉकेट का इस्तेमाल भी किया है। ये रॉकेट सेकंड वर्ल्ड वॉर के समय से इस्तेमाल होते रहे हैं और बहुत खतरनाक माने जाते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी खुफिया एजेंसियां मानती हैं कि हाल के दिनों में हिजबुल्लाह ने तमाम हथियार जुटाए हैं और पहले के मुकाबले कई गुना ताकतवर हो गया है। हिजबुल्लाह के पास रूस से मिली पावरफुर एंटी शिप मिसाइल भी है। इस मिसाइल का नाम 'यखोंट' है, जो जहाज को निशाना बना सकती है। इसकी रेंज 300 किलोमीटर तक है। इन्हीं मिसाइलों के दम पर हिजबुल्लाह अमेरिका से लेकर तमाम पश्चिमी देशों को आंखें दिखाता रहा है।




### पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग!

# पाक ने आठ तालिबानी सैनिक मारे

**एजेंसी** | काबुल

पाकिस्तान-तालिबान के बीच झड़प में टैंकों का भी इस्तेमाल हुआ। फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है। तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच रविवार रात भारी गोलीबारी हुई।

रिपोर्ट के मुताबिक इसमें कम से कम 8 तालिबानी लड़ाके मारे गए। वहीं, 16 घायल हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि खोस्त प्रोविंस में बॉर्डर पर रात 9 बजे दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हुई जो चार घंटे तक चली।

सीमा सुरक्षा कर्मियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मारे गए लोगों में अफगान तालिबान के 2 वरिष्ठ कमांडर खलील और जान मुहम्मद भी शामिल हैं। भिड़ंत में पाकिस्तान के कितने सैनिक हताहत हुए हैं इसकी जानकारी नहीं है।



## तालिबानी सरकार में सीमा विवाद बढ़ा

इससे पहले भी पाकिस्तान-तालिबान के बीच 4 सितंबर की रात गोलाबारी हुई थी। दरअसल तालिबान सरकार पाकिस्तान से जुड़े सीमावर्ती इलाकों में नई चौकियों का निर्माण कर रही है। यही वजह है कि दोनों पक्षों के बीच आए दिन झड़प हो रही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान को एक काल्पनिक डूरंड रेखा अलग करती है, लेकिन अफगानिस्तान ने इसे मान्यता नहीं दी है।

## अफगानिस्तान नहीं मानता डूरंड रेखा

अफगानिस्तान का मानना है कि डूरंड रेखा जानबूझ कर ब्रिटिश अफसरों ने खींची थी ताकि पश्तो समुदाय का बंटवारा किया जा सके। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच इसे लेकर विवाद रहता है। जानकारों के मुताबिक पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान शासन डूरंड लाइन को मान्यता देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl